पाक्षिक
# क्रांतिरथ छत्तीसगढ़
सामाजिक क्रांति के पथ पर अग्रसर
Postal Regn No.C.G./RYP DN/65/2023-25
◆ वर्ष - 20 ◆ अंक - 24 ◆ रायपुर 20 जून 2024 ◆ पृष्ठ - 16 ◆ मूल्य-5/- रुपया


### मैं 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने प्रतिबद्ध हूं- मोदी

# नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगियों को शपथ दिलाई।

शाम आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। मैं 140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने तथा देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए मंत्रिपरिषद के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध हूं। आज शपथ लेने वाले सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई। मंत्रियों की यह टीम युवा जोश और अनुभव का बेहतरीन संगम है। हम सभी देशवासियों का जीवन बेहतर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मैं शपथ ग्रहण समारोह का हिस्सा बनने वाले सभी विदेशी गणमान्य व्यक्तियों का आभारी हूँ। भारत हमेशा मानवता की प्रगति की



दिशा में अपने सम्मानित सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेगा।

### कड़े फैसले लेने के लिए जाने जाते हैं नरेंद्र मोदी

नरेंद्र मोदी को कड़े फैसले लेने वालों में गिना जाता है. अपने प्रधानमंत्री के 10 साल के कार्यकाल में नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे फैसले लिए, जिसने देश की दशा और दिशा बदल दी. उन्होंने ज?म्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का दम दिखाया. इसके अलावा तीन तलाक हटाना, सीएए लागू करना. राम मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाना. कोरोना काल में वैक्सीन निर्माण से लेकर गरीबों को मुफ्त अनाज देना का काम किया. साथ ही मोदी सरकार में रोड इंफास्ट्रक्चर पर जबरदस्त काम हुए।

## छत्तीसगढ़ में मानसून की बौछारों के साथ खेती-किसानी का काम शुरू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मानसून की बौछारों के साथ खेती-किसानी का काम शुरू हो गया है। हाल ही में केन्द्र सरकार के द्वारा छत्तीसगढ़ के किसानों को किसान सम्मान निधि मिलने और धान का समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों में नया उत्साह दिख रहा है। किसान गांव में खेतों की जोताई-बुआई आदि के कार्यों में जुट गए हैं। राज्य की कुछ हिस्सों में बोनी का काम भी शुरू हो गया है। चालू खरीफ वर्ष में 48.63 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों बोनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने अपने अपने सरकार के 06 माह पूर्ण होने के बाद कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश के किसानों को सुगमता से उनके मांग के अनुरूप किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

**किसानों के लिए पर्याप्त खाद-बीज उपलब्ध**

### साय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# एफएल 10 लाइसेंस सिस्टम खत्म, आबकारी विभाग अब सीधे निर्माता से खरीदेगी शराब

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में चल रही कैबिनेट की बैठक खत्म हो गई है। महानदी भवन मंत्रालय में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव और डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ अन्य मंत्री शामिल हुए। कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



बस्तर, सरगुजा, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरणों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य पांचों प्राधिकरणों की कार्य प्रणाली को प्रभावी एवं सशक्त बनाने के साथ ही उन क्षेत्रों में जनसुविधा के कामों को गति प्रदान करना है। इन पांचों प्राधिकरणों की कमान अब सीधे मुख्यमंत्री के जिम्मे होगी। स्थानीय विधायकों में से एक विधायक को इसका उपाध्यक्ष मनोनीत किया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक इन प्राधिकरणों के सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव अथवा सचिव इन पांचों प्राधिकरणों के सदस्य सचिव होंगे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2004-05 में बस्तर, सरगुजा एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण का गठन तत्कालीन सरकार द्वारा किया गया था। तत्पश्चात् वर्ष 2012 में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडावर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया गया। इन प्राधिकरणों के अध्यक्ष मुख्यमंत्री हुआ करते थे। प्राधिकरणों के गठन के पश्चात् अनुसूचित जनजाति क्षेत्रों, अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों, मजरा-टोला, पारा-मोहल्लों, वार्डों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकताओं के अनेक महत्वपूर्ण कार्य कराए गए थे। वर्ष 2019 में तत्कालीन सरकार द्वारा इन प्राधिकरणों के कार्य संचालन की प्रक्रिया में अमूल-चूल परिवर्तन कर दिया गया, जिसके चलते प्राधिकरणों का न सिर्फ महत्व कम हो गया।

# भाटापारा स्टेशन में बाहर गये ग्रामीणों की वापसी के कारण भारी भीड़ का माहौल

## वर्षा ऋतु आगमन के पूर्व पलायन पर गये वापस लौट रहे है अपने गांव

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






**भाटापारा।** इन दिनो भाटापारा रेल्वे स्टेशन से गुजरने वाली तमाम यात्री ट्रेनो मे भारी भींड का माहौल चल रहा है खासकर लंबी दूरी की ट्रेन हावड़ा हांपा, हावड़ा मुंबई, कुर्ला मुंबई, हावड़ा अहमदाबाद, यशवंतपुर कोरबा, दुर्ग जम्मूवती एक्सप्रेस, संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, निजामुददीन रायगढ गोंडवाना एक्सप्रेस, कोरबा त्रिवेन्द्रम एक्सप्रेस, कोचुवेली बिलासपुर एक्सप्रेस, अमृतसर बिलासपुर छत्तीसगढ एक्सप्रेस, तिरूपति बिलासपुर एक्सप्रेस, भोपाल दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस, एर्नाकुल एक्सप्रेस, जोधपुर पुरी एक्सप्रेस, कानपुर दुर्ग बेतवा एक्सप्रेस, सारनाथ एक्सप्रेस, आरा दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस व विशाखापटटनम कोरबा एक्सप्रेस सहित अन्य तमाम यात्री ट्रेनो मे भारी भींड इसलिये चल रहीं है क्योकि पर्यटन पर गये तमाम लोग जहां वापस लौट रहे है वहीं अरसे पहले काम की तलाश मे बाहर गये श्रमिक बडी तादाद मे मानसून के पूर्व अब अपने घर की ओर लौटने लगे है जिसके कारण तमाम यात्री ट्रेनो मे ठसाठस भीड का माहौल है बाहर राज्य मे अंर्तराज्यीय पलायन पर गये ज्यादातर ग्रामीण रोहतक, नई दिल्ली, हिसार, जम्मूतवी, भुज, अहमदाबाद, सूरत, मुंबई, कानपुर, नागपुर, कन्हान, बनारस, गोरखपुर, इंन्दौर, टाटा नगर, भोपाल, जबलपुर सहित अन्य नगरों की ओर काम की तलाश मे बाहर गये थे वे अब बरसात के पूर्व काम बंद होने की स्थिति मे अपनी गांव की ओर वापस लौट रहे है जिसके कारण यात्री ट्रेनो मे भीड़ का माहौल बना हुआ है भाटापारा रेल्वे स्टेशन मे प्रातः से देर रात तक यात्रियो की भारी भीड़ का माहौल होने से सड़क मार्ग पर चलने वाली तमाम बसों मे भी भारी भीड़ यात्रियो की चल रहीं है वहीं स्टेशन के बाहर डीजल पट्रोल आटो तथा बैटरी चलित सैकडो तीन पहिया वाहनो को भी पर्याप्त सवारी मिलने से वे भी हाउस फूल चल रहे है काम की तलाश मे बाहर गये ज्यादातर ग्रामीण मजदूर शिवरीनारायण, भटगांव, बिलाईगढ, पामगढ, मारो नवागढ, मुंगेली, पथरिया व सरगांव क्षेत्र के लोग है जो खरीफ फसल की कटाई के बाद से क्षेत्र मे पर्याप्त रोजगार नही मिलने पर काम की तलाश मे अंतर्राज्यीय पलायन पर राज्य से बाहर चले गये थे आने वाले मानसून के समय ट्रेनो मे और अधिक भीड बढने की संभावना है क्योकि ज्यादातर मजदूर अभी भी दूसरे राज्यों के महानगरों मे डेरा डाले हुये बैठे है वापस लौट रहे श्रमिको का कहना है कि महानगरों मे उन्हे पर्याप्त काम के साथ अच्छी मजदूरी प्राप्त होता है इसलिये वे अपने गांव व छत्तीसगढ राज्य को छोड़कर बाहर गये हुये थे चूंकि अब बरसात का मौसम शुरू हो रहा है इसलिये वे अपने घर की ओर लौट रहे है।

# आरटीई के प्रवेश बच्चों के साथ भेदभाव न करें - संयुक्त संचालक

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र कार्यालय मे शुक्रवार को शिक्षा विभाग की योजनाओं की विकास खंड स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न हुआ। उक्त बैठक मे शिक्षा संभाग रायपुर के संचालक राकेश पांडे, सहायक संचालक जाट, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, जिला मिशन समन्वयक मनीलाल ब्रम्हाणी, एपीसी एम एल साहू, जहीर अब्बास, उसोमेश्वर राव, बीईओ राम जी पाल, एबीईओ मुन्ना सिंह नेताम, मुकेश अग्रवाल, भास्करचंद देवांगन व बीआरसी लेखराम साहू तथा विकास खंड के 30 संकुल समन्वयक एवं 33 प्राचार्य के समक्ष एजेंडे वार शिक्षा सत्र की विभागीय समीक्षा की। आरटीई सत्यापन हेतु नोडल प्राचार्य को निजी विद्यालय में प्रवेश लिए बच्चो की जानकारी जाकर जांच करना तथ ड्रॉप आउट होने के कारणों को पता लगाना आरटीई अंतर्गत प्रवेश लिए बच्चो के साथ विभिन्न प्रकार के भेदभाव जिसके कारण बच्चे विद्यालय छोड़कर अन्य विद्यालय में प्रवेश लेना या पढ़ाई छोड़ देना इस प्रकार की शिकायत विकासखंड के गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल एवं लायंस कान्वेंट स्कूल की जांच संयुक्त संचालक राकेश पांडे व जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय की टीम के साथ विद्यालय की जांच की गई। शिक्षा सत्र के प्रारंभ के पहले शाला प्रवेश उत्सव की तैयारी हेतु विद्यालय की साफ सफाई शौचालय, किचन गार्डन, किचन सामग्री, मैदान की घास फूस की साफ सफाई, पौधा रोपड़ हेतु गड्ढे खोदवाना एवं पेड़ की व्यवस्था कर रोपित करना एवं जर्जर डिस्मेंटल योग्य भवनों की मरम्मत शिक्षा सत्र से पहले चिन्हांकित कर जानकारी देने की बात कहीं।


उक्त बैठक मे संकुल समन्वयक वीरेन्द्र कुमार बंजारे, मुकेश देवांगन, बी आर साहू, ओमप्रकाश ध्रुव, आलोक शुक्ला, दिनेश वर्मा, तेजराम वर्मा, लखेश्वर शर्मा, झायन सिंह ठाकुर, रवि वर्मा, जीवलाल साहू, मनीष साहू, देवकुमार निषाद, संतोष दास मानिकपुरी, टीकाराम साहू, टीकम दास मानिकपुरी, रोहित अग्रवाल, हितेश शर्मा, राजेश शर्मा, अखिलेश गिरी गोस्वामी, शनीराम मरावी, कौशल वर्मा, राजेश नामदेव, द्रोण ध्रुव, ज्योतिष राम वर्मा, लक्ष्मीकांत देवांगन, गिरीश वर्मा, प्राचार्य रामफल बांधे, ईश्वर देव दास, रामनरायण बया, शैलेन्द्र नामदेव, राधेश्याम ध्रुव, अनुज राम कुर्रे, रविन्द्र वर्मा, श्रीमती प्रेमलता वर्मा, श्रीमती लक्ष्मी यदु, संजय तिवारी, विकास रंगा, टूपेन्द्र शर्मा, शशिकांत डहरिया, बंशीलाल मिरी, अचल तिवारी, शत्रुघन ध्रुव, शिवकुमार सोनी, हेमकुमार साहू, सुधांशु मिश्रा, दर्शन ठाकुर, चंद्रशेखर कौशिक, नवीन वर्मा, सोनल साहू, अशोक कुमार व उमेश कांत मरकाम सहित स्टाफ के लोग उपस्थित थे।



## बलौदाबाजार हिंसा

# धार्मिक सौहार्द्र को बिगाड़ कर सरकार को अस्थिर करने की रणनीति

धार्मिक भावनाओं को आहत कर हिंसा और आतंक का माहौल फैलाने वाले हत्तीसगढ़ में पैर पसारने लगे हैं। बलौदा बाजार प्रदर्शन के चलते ऐसा ही भयावह मंजर देखने को मिला। प्रदर्शन के दौरान सुनियोजित तरीके से तोड़फोड आगजनी और मारपीट की गई। छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में धार्मिक स्थलों में तोड़फोड़ की घटनाएं तेजी से घट रही हैं। केन्द्र में सरकार मोदी सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाएं जगह-जगह हो रही है।









शांत और आपसी सौहार्द को सँजोए छत्तीसगढ़ धार्मिक हिंसक उन्मादों से अब तक अछूता रहा है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरूआत में एक के बाद एक मंदिरों की मूर्तियों को खंडित कर तोड़फोड़ करने वाले सक्रिय हो गए हैं। मंदिरों में हमलावर लोग भले ही स्थानीय लोग.

हैं लेकिन इनके पीछे एक सोची-समझी रणनीति बनाने वाले सशक्त षड़यंत्रकारी काम कर रहें हैं। षड़यंत्रकारी घर्म स्थलों को निशाने पर लेकर लोगों के बीच हिंसा के बीज बो रहें है। समूचे देश में भय और आतंक का माहौल पैदा करने वाले आखिर कौन हैं.. ?

छत्तीसगढ़ के घर्म स्थलों में तोड़फोड़ कर मूर्तियों को खंडित करने का सिलसिला मई 2024 से चल रहा हैं। इस पर एक नजर डालें । 16 मई को गिरौधपुरी महाकोनी स्थित अमर गुफ़ा में तोड़फोड़ हुई। 25 मई के दौरान शिकारी केसली, लोहारी, भंवरगढ़, गोरदी के मंदिरों की मूर्तियों को खंडित किया गया। शिकारी केसली में हनुमान प्रतिमा खंडित कर दी गई। 10 जून को बलौदा बाजार में सतनामी समाज के प्रदर्शन के बीच हिंसा, आगजनी का तांडव हुआ। बलौदाबाजार की आग शांत हुई नहीं थी कि ।। जून को अंबिकापुर के समीप शिवमंदिर पर कहर बरपाया गया। 16 जून को रायपुर खरोरा के फरहदा गाँव में कृष्ण की मूर्ति खंडित कर दी गई। एक के बाद एक एक धर्मस्थलों की मूर्तियों को खंडित करने के पीछे आखिर कौन हैं ? घर्म स्थलों पर तोड़फोड़ कर हिंसा और आतंक फैलाने वाले रायपुर और बलौदाबाजार में एकाएक सक्रिय कैसे हो गये हैं?

दस जून को सतनामी समाज ने बलौदा बाजार जिला परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की भीड़ बढ़ती चली गई। पुलिस और प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों की भीड़ के हिंसक मनसूबे को गंभीरता से नहीं लिया। भीड़ ने सरकारी कार्यालयों में घुसकर उग्र रूप ले लिया। तोड़?फोड़ करने के साथ कर्मचारियों से मारपीट कर आगजनी करने वाले बेखौफ तांडव करते रहे। सरकारी कार्यालयों को आग के हवाले किया वहीं कार्यालयों के आसपास खड़े वाहनों को भी निशाना बनाया गया। प्रदर्शनकारियों में कुछ लोग एक सोची समझी साजिश को अंजाम देते रहे। जिन्होंने ऐसी रणनीति बनाई की प्रशासन पंगु सा बना रह गया। बलौदा बाजार में दो किलोमीटर तक उग्र भीड़ का सैलाब उमड़ पड़ा और हर कोई अपनी जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। चौतरफा हिंसा,आगजनी को अंजाम देती भीड़ ने वह सब कुछ किया जैसा वे तय करके आये थे। लोगों की कार और दुपहियां वाहन जो दूर दूर तक खड़े थे उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। आग बुझाने के लिए आये फायर बिग्रेड को रास्ता नहीं दिया और उन्हें बीच सड़क में आग के हवाले कर दिया। सरकारी कार्यालयों में लगी आग बुझाई नहीं जा सकी और आग ने सब कुछ राख कर दिया। पुलिस भीड़ पर काबू पाने के लिए लाठी चार्ज नहीं कर सकी ना ही अश्रु गैस के गोले फेंक सकी। पहले जो पुलिस प्रदर्शनकारियों के लिए इंतजाम में जुटी थी वह हिंसक होती भीड़ को देखकर अपनी जान सलामती के लिए पीछे हट गई। फिर भी बहुत सारे पुलिस कर्मी धायल हो गये।





छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वाली घटना से कई सवाल उठते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे भाजपा की तुष्टीकरण नीति और लापरवाही कहा है। इसी के साथ बघेल ने कई सवाल भी उठाए हैं। धरना प्रदर्शन को कलेक्टर से परमिशन दिलाने वाला कौन था? रैली में आने वाले हजारों लोगों के लिए भोजन, मंच, पंडाल, माइक का इंतजाम किसने किया था ? प्रदर्शनकारियों में लोग लाठी, डंडा लेकर आए थे प्रशासन क्या कर रहा था? आम जनता के वाहन जलाये जा रहे थे लोगों को दौड़कर पीट जा रहा था तो पुलिस कहां थी..!

यह राजनीतिक विरोधाभास कहा जा सकता है। कांग्रेस की घटना को भाजपा की तुष्टिकरण नीति इंगित कर रही है अगर ऐसा होता तो रायपुर के भाजपा विधायक मोतीलाल साहू के भतीजे पर जानलेवा हमला नहीं होता। विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस की वर्दी में कुछ लोगों ने उनको रोका और कार से नीचे उतारकर बुरी तरह से पीटा। इसके बाद गाड़ी में तोड़फोड़ की गई।

हिंसक प्रदर्शन के दौरान रायपुर ग्रामीण से भाजपा विधायक मोतीलाल साहू के भतीजे और दूसरे लोगों से मारपीट की घटना सामने आई है। विधायक साहू ने बताया कि उनके परिवार के बच्चे अपने कुछ साथियों के साथ बलौदाबाजार गए थे, जो अपनी कार में पूछते हुए आगे बढ़ रहे थे कि विरोध थम गया या नहीं। इस दौरान उसे जानकारी मिली कि माहौल शांत हो गया है। इसके बाद वो आगे बढ़े, तभी उन पर रास्ते में हमला कर दिया गया। विधायक ने कहा कि पुलिस की वर्दी पहने युवकों ने रोककर उसे उतारा और जमकर मारपीट की।

बलौदा बाजार में हिंसक घटना के बाद कलेक्टर और एसपी को सस्पेंड कर दिया गया। इसी के साथ अब तक भीम आर्मी, भीम रेजीमेंट, भीम क्रांतिवीर, क्रांति सेना, इंडियन सतनामी समाज जैसे 20 संगठनों के प्रमुखों सहित 132 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार लोगों में बीस मोस्टवांटेड निकले। सोशल मीडिया की पोस्ट को खंगाल कर हिंसा फैलाने वालों की तलाश जारी है। वीडियो फुटेज के आधार पर दोषियों की गिरफ़्तारी हो रही है। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा सुनियोजित तरीके से हिंसा की गई है। एक सुंदर बिल्डिंग जला दी गई, इससे क्या हासिल हुआ! उन्होंने स्पष्ट कहा कि उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई होगी। बहरहाल बलौदा बाजार की हिंसात्मक घटना को राजनीतिक चश्मे से न देखकर उसके पीछे षड्यंत्र का पर्दाफाश करना होगा ताकि छत्तीसगढ़ में धार्मिक आतंकवाद हिंसा अपना पैर नहीं पसार सके और छत्तीसगढ़ को कलंकित करने वालों का चेहरा सामने आ सकें।

**रविन्द्र गिन्नौरे**

# मंडी क्षेत्र में धान से लदी गाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत, परिजनों व वार्डवासियों ने शव को रखकर थाना में प्रदर्शन किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** कृषि उपज मंडी क्षेत्र मे व्याप्त अव्यवस्था के चलते गुरूवार को शाम एक धान लदी ट्रक के चपेट मे आने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिये रायपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई इस खबर के बाद से मृत युवक के परिजन व नयागंज वार्ड क्षेत्र के लोगों ने शव को लेकर थाना के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया है जो कि समाचार भेजे जाने तक निरंतर जारी है उपरोक्त संपूर्ण घटना के संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार नयागंज वार्ड निवासी चेतन साहू को मंडी क्षेत्र मे धान लदी ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेबी 3882 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक वाहन दौड़ाते हुये दुर्घटनाग्रस्त कर दिया दुर्घटना के



शिकार चेतन साहू को दोनो पैर मे गंभीर मार लगने के कारण हास्पिटल पहुंचाया गया जहां उसकी गंभीर चोट को देखते हुये आगे के उपचार के लिये रायपुर रिफर किया गया था जहां उपचार के दौरान चेतन साहू की मौत हो गई। उसकी मौत की खबर के बाद उनके परिजन व नयागंज वार्ड वासी बिफर गये व ट्रक मालिक व ट्रक चालक के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की मांग को लेकर थाना परिसर के बाहर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया इस प्रदर्शन मे सैकड़ो लोग उपस्थित थे इस दौरान प्रदर्शन की जानकारी होने पर एसडीओपी आशीष अरोरा एवं तहसीलदार वहां पहुंचे व प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। प्रदर्शनकारियो ने पुलिस प्रशासन पर ट्रक मालिक एवं ट्रक ड्राइवर के विरूद्ध उचित कार्यवाही नहीं किये जाने की मांग किये जाने पर आनन फानन मे पुलिस प्रशासन ने उक्त घटना के परिपेक्ष्य मे प्रधान आरक्षक इतवारी राम वर्मा को लापरवाही बरतने के आरोप मे निलंबित कर दिया है उसके बाद भी शहर थाने मे परिजनों का प्रदर्शन जारी है उपरोक्त घटना पर पुलिस ने बहरहाल धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है वहीं पुलिस का कहना है कि उपरोक्त प्रकरण मे मर्ग डायरी प्राप्त होने के पश्चात आगे और भी धारायें जोडकर कार्यवाही की जायेगी। थाना के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि उक्त प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाये क्योंकि दुर्घटना के समय ट्रक पर कोई और चालक था और बाद मे स्टेयरिंग पर कोई और बैठा हुआ था जिससे प्रदर्शनकारी नाराज है कि पुलिस ट्रक ड्राइवर जीवन लाल ध्रुव गोलू को पकडकर कार्यवाही कर रहीं है उसके पास भी वैध लायसेंस नही है जिससे लोग आक्रोशित है यह विदित रहे कि प्रदेश की सबसे बडी मंडी भाटापारा कृषि उपज मंडी मे व्याप्त घनघोर अव्यवस्था पर लगातार नवभारत ने समाचार के माध्यम से समाधान के लिये आवाज बुलंद की उसके बाद भी यातायात एवं मंडी प्रशासन द्वारा ठोस कदम नहीं उठाये गये जिसके फलस्वरूप हादसा घटित हो गया।

**प्रधान आरक्षक निलंबित**

# पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत का शपथ ग्रहण संपन्न



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** पूज्य बिरादरी सिंधी पंचायत के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम झुलेलाल धाम मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान झुलेलाल की तस्वीर पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात पूज्य सेंट्रल सिंधी पंचायत भाटापारा के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी, डॉ.वासुदेव ठाकुर, अनिल रोचलानी व डॉ.आनंद जोतवानी की उपस्थिति मे पार्षद राजेश छाबडिया ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण करने वालो मे संरक्षक पद पर डॉ.आनंद जोतवानी, अध्यक्ष भीषम लाल गुरयानी, उपाध्यक्ष सच्चानंद थदवानी, उपाध्यक्ष विनोद तनवानी, प्रकाश वनवानी, महामंत्री नितीन भोजवानी, नंदलाल बजाज, सचिव जगदीश जसूजा, सह सचिव शंकर लाल पंजवानी, ताराचंद आहूजा, सोनी नागवानी, कोषाध्यक्ष कमल धर्माणी, आडिटर जय चयनानी, वरिष्ठ सलाहकार नरेन्द्र भोजवानी, दीपक पंजवानी, जयराम दास बजाज, श्रीचंद भिरानी, ओमप्रकाश गोविंदानी, राजाराम बजाज, चंन्द्रपाल बागवानी ने शपथ ली। कार्यक्रम मे मंदिर व्यवस्था के लिये हरीश पोखानी, प्रियांशु पंजवानी, अनूप मंगलानी को जवाबदारी दी गई वहीं प्रचार प्रसार प्रभारी सुरेश वाधवानी व विजय लकवानी बनाये गये है कार्यकारिणी मे राजेश चनानी, राजकुमार भोजवानी, हरीश नागवानी, राजेश गिडवानी, किशन पंजवानी, दीवानचंद, मनोज थदवानी, राजेश धनवानी, सुशील तनवानी, संतोष लालवानी, विनोद लालवानी, विकास नंदवानी, नरेन्द्र पंजवानी, शैलेश तनवानी, विजय पंजवानी, आलमदास पंजवानी, साजन लानवानी, अशोक बजाज, दीपक कलवानी, योगेश भिंडवानी, दीपक थदवानी, काके थदवानी, राजेश जगवानी, जितू वनवानी, राकेश वनवानी, पप्पन भागवानी, मनोज पारप्याणी सहित अन्य लोग शामिल किये गये है। कार्यक्रम के पश्चात भोग भंडारा व प्रसादी का वितरण किया गया।

# शिवरतन ने माना कार्यकर्ताओं व आम जनता का आभार

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



भाटापारा। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा है कि संपन्न लोकसभा चुनाव मे लोगों ने जातिवाद के बजाय राष्ट्रवाद के मुददे पर बढ चढकर मतदान करते हुये भाजपा को देश का नेतृत्व सौंपा है उन्होने लोकसभा चुनाव मे शानदार सफलता के लिये कार्यकर्ताओं का आभार मानते हुये जनता के प्रति भी आभार प्रकट किया है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि भाजपा ने संपन्न हुये लोकसभा चुनाव मे 441 सीटो से चुनाव लड़ा जिसमे 240 सीट मे जीत हासिल हुई इस तरह भाजपा का विजय का प्रतिशत 50 प्रतिशत रहा। केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा लोकसभा चुनाव मे जो लक्ष्य दिया गया था उसे हमने पूरा करके इस लक्ष्य को हासिल किया है। भाजपा ने छत्तीसगढ राज्य मे 52.05 प्रतिशत वोट हासिल किया है जो कि छह महीने पहले संपन्न विधानसभा चुनाव के तुलना मे 6 प्रतिशत ज्यादा वोट भाजपा को आम मतदाताओं ने दिया है। शर्मा ने आगे कहा कि लोकसभा चुनाव मे एनडीए को 293 सीट प्राप्त हुई है और 10 निर्दलीय सांसदो ने भी अपना समर्थन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया है। उन्होने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल 99 सीटो मे सिमटकर रह गई है। चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक के रूप मे शिवरतन शर्मा ने छत्तीसगढ राज्य मे 11 मे से 10 सीट पर भाजपा की विजय को ऐतिहासिक बताते हुये कहा है कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों इसके लिये बधाई के पात्र है जिन्होने अथक परिश्रम कर शत प्रतिशत परिणाम पार्टी को दिया है। शर्मा ने आगे कहा कि आने वाले समय मे भाजपा को नगरीय निकाय व पंचायत व चुनाव मे भी बेहतर प्रदर्शन करना है इसके लिये अभी से सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर तैयारी मे लग जावे।

# देवरी में कुर्मी समाज का सम्मेलन संपन्न

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** निकटवर्ती ग्राम देवरी में छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी समाज का वार्षिक महा अधिवेशन राम जानकी मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ उक्त अवसर पर राजकुमार कौशिक पूर्व राज प्रधान ने समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं आईटीआई तथा फार्मेसी एवं विभिन्न कक्षा में उत्तीर्ण लोगों का सम्मान किया इस दौरान समाज के पत्रकार



दिल हरण वर्मा नांदघाट को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में केंद्रीय सचिव मोहन वर्मा ने समाज के आय व्यय के विस्तार से जानकारी लोगों को दी वही अनेक सामाजिक प्रस्ताव पास किए गए जिसमें सामाजिक बुराइयों व कुरीतियों को रोकने के संबंध में बनाए गए सामाजिक नियम का पालन कड़ाई से करने तथा शादी विवाह सहित अन्य कार्यक्रम में फिजूल खर्ची रोकने तथा डीजे बजाने शराब पीने पिलाने सहित अन्य बिंदुओं पर अंकुश लगाने की बात पर आम सहमति बनी साथ ही सामाजिक बैठक में अपनी संस्कृति सभ्यता व बोलचाल की भाषा को बचाए रखने के लिए लोगों से आव्हान किया गया भविष्य में समाज के द्वारा बड़े पैमाने पर आदर्श विवाह को प्रोत्साहित कर लोगों को जागरूक करने के प्रति अभियान चलाने की बात कही गई। उक्त अवसर पर दिनेश वर्मा, सुरेश वर्मा नोखेलाल वर्मा समाज के केंद्रीय टीम के पदाधिकारी सभी राज्य प्रधान महिला संगठन युवा संगठन सहित तमाम सदस्य घर बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे उपरोक्त जानकारी सुरेश वर्मा द्वारा दी गई है।

# पति ने चाकू से प्राण घातक हमला कर पत्नि को घायल किया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला से संबंधित जुडे अपराधों मे त्वरित कार्यवाही के निर्देश के बाद थानेदार योगिताबाली खापर्डे ने संत माता कर्मा वार्ड मे एक ऐसे युवक को पकड़ा है जिसने अपनी पत्नि के साथ मारपीट करते हुये चाकू का प्रयोग कर उसके उपर प्राण घातक हमला किया है। उक्त संबंध मे प्राप्त जानकारी के अनुसार संत कर्मा वार्ड निवासी अंजनी ध्रुव ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई कि उसके छोटी पुत्री लक्ष्मी ध्रुव का पति अजय ध्रुव जो कि लक्ष्मी ध्रुव को छोड़कर किसी अन्य स्थान पर दूसरी औरत को अपनी पत्नि बनाकर



रखा है वह अचानक रात्रि साढे बारह बजे अपनी पहली पत्नि लक्ष्मी ध्रुव के घर दाखिल हुआ और घर मे जल रहे लाईट को बंदकर लक्ष्मी ध्रुव की हत्या करने की नियत से चाकू से वार कर दिया इस वार से लक्ष्मी ध्रुव के सिर के पीछे कमर व दोनो हाथ मे गंभीर चोट पहुंची घायल युवती की मां व पीडिता की रिपोर्ट पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुये मुंशी इस्माईल वार्ड से अजय ध्रुव को पकड़ा है पुलिस के हत्थे चढने के बाद अजय ध्रुव ने पूछताछ मे स्वीकार किया की उसने प्राण घातक हमला करते हुये चाकू से लक्ष्मी ध्रुव को गंभीर चोट पहुंचाया है पुलिस ने अजय ध्रुव को धारा 307 के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

# लोहे का पोल चोरी करने वाले चोर पुलिस के हत्थे चढ़े

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देश के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध कारोबार व गतिविधियो मे लिप्त लोगो के विरूद्ध चलाये जा रहे धर पकड अभियान मे थानेदार अमित पाटले के नेतृत्व मे पुलिस दल ने एक ऐसे चोर को पकड़ा है जिसने 14 नग लोहे का पोल एवं एंगल चोरी की घटना को अंजाम दिया था उपरोक्त संबंध मे अमित पाटले ने बताया कि ग्राम गांडाडीह निवासी आत्माराम ध्रुव ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट लिखाई थी कि ग्राम गांडाडीह के बनाये गये गौठान मे 14 नग लोहे का पोल व एंगल को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है जिस पर पुलिस टीम ने सघन जांच पड़ताल करते



हुये संदेह के आधार पर गांडाडीह निवासी करणदास टंडन, नरेशदास कोशले व राजकुमार टंडन को पकड़कर पूछताछ शुरू की जिसमे वे पुलिस के सामने टूट गये व उक्त चोरी की घटना मे शामिल होने की बात कहते हुये 14 नग लोहे की पोल अनुमानित कीमत 5 हजार रूपये को जब्त करवाया पुलिस ने नरेश कोशले, राजकुमार टंडन व करण टंडन के विरूद्ध धारा 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर कैम्प संपन्न, 324 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया



**भाटापारा।** स्थानीय पंचम यादव दीवान पालिका कन्या शाला मे 13 दिवसीय किरण इवेंट द्वारा आयोजित निःशुल्क कर्सिव राईटिंग, पेंटिंग, रंगोली, मेंहदी, डांस व अन्य विधाओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण शिविर मे लगभग 324 से अधिक छोटे छोटे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमे उन्हे विभिन्न विधाओं व उनकी रूचि के हिसाब से प्रशिक्षण दिया गया। उक्त आयोजन मे डॉ.अरूण छाबड़ा बंटी, बलवंत छाबड़ा, स्वरूप अग्रवाल, सुनील दुबे, गुलशन वर्मा, निवेदिता वर्मा, त्रिलोक सलूजा, सुधीर मिश्रा, सीमा मल, अनिल जायसवाल, मनीषा गटटानी, देवेन्द्र निषाद, रानी यादव, केशनी जायसवाल, पूजा, देखमुख, नेहा वर्मा, यशदीप छाबडा, पूर्वांश छाबडा, यशवंत जायसवाल, दीपिका पांजा, राजेश्वरी साहू, श्रुति साहू, प्रकृति साहू, वीणा साहू, सुधीर मिश्रा, त्रिलोक सलूजा, राजकुमार मल सहित बडी संख्या मे अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिकों ने समय समय पर अपनी उपस्थिति प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने मे सहभागिता निभाई।

### सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक के पार अवैध कब्जा हटाने प्रशासन सक्रिय

**भाटापारा।** सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक के पास दोनो दिशाओं मे अवैध कब्जेधारियों के बडे पैमाने पर काबिज हो जाने के कारण रेल्वे मालधक्का मे रेक लगने के बाद आवाजाही करने वाले तमाम प्रकार के वाहनो को परेशानी का सामना करना पड रहा है इसको लेकर वाहन मालिको ने जिला कलेक्टर केएल चौहान से मुलाकात कर वाहनो की आवाजाहीं मे बाधक बन रहे अवैध कब्जे को हटाने का अनुरोध किया था जिस पर चौहान ने त्वरित निर्देश एसडीएम नितीन तिवारी को देते हुये समस्या का समाधान करने कहा जिसके बाद एसडीएम नितीन तिवारी, तहसीलदार चित्ररेखा चन्द्रवंशी स्टेशन प्रबंधक अजय यादव, एईएम रेल्वे लोक निर्माण विभाग, पालिकाअधिकारी एवं सिद्ध बाबा धौराभांठा के सरपंच प्रेम नारायण चौबे सचिव रोहित चक्रवर्ती व राजस्व अमला की टीम ने यातायात प्रभावित क्षेत्र का अवलोकन कर अवैध कब्जाधारियों से कब्जा हटाने कहा जिस पर अवैध कब्जाधारियों ने दो दिन की मोहलत देने की गुहार लगाई जिस पर प्रशासन ने उन्हे दो दिन के भीतर कब्जा छोड़ने कहा है उसके पश्चात तमाम अवैध कब्जे जो सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक क्षेत्र मे है उन्हे हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने का निर्णय लिया है अब देखना यह है कि सोमवार या मंगलवार को सिद्ध बाबा रेल्वे फाटक पर क्या स्थिति निर्मित होती है।

# शहर में बिना किसी सुरक्षा मापदंड के मिलावटी दूध बिक रहा है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर मे इन दिनो खुलेआम सड़क के किनारे स्टाल लगाकर जगह जगह मिलावटी दूध बेचे जा रहे है लेकिन स्थानीय प्रशासन व खाद्य एवं औषधी प्रशासन द्वारा मिलावटी दूध बेचने वाले लोगों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं किये जाने से इनके हौसले बुलंद हो गये है और तो और मिलावटी दूध बेचने वाले जब चाहे तब प्रति लीटर दूध की कीमत मनमाने ढंग से बढाकर उपभोक्ताओं को लूट रहे है।

नगर मे कई स्थलों पर बिना किसी वैध दुकान के खुलेआम चौक चौराहे व पेंड के नीचे बिना किसी सुरक्षा मापदण्ड के दूध बेचने वाले सक्रिय है इस दौरान उनके द्वारा बेचे जा रहे दूध मे कभी पेड पौधे के कचरे तो कभी आंधी तूफान के कचरे तो कभी कीडे मकोड़े उक्त खुले चौराहे के दूध दुकानो मे गिर रहे है जिसे की दूध विक्रेता आम उपभोक्ताओं को बेचकर जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है चूंकि भाटापारा क्षेत्र एक बहुत बड़ा दूध उत्पादक केन्द्र है यहां से हजारो लीटर दूध शहर के अलावा दूर दराज के क्षेत्रो के अलावा ट्रेनो के जरिये रायपुर, बिलासपुर व अन्य स्थानो की ओर जा रहा है नगर मे ज्यादातर मिलावटी दूध बेचने वाले दूध मे खुलेआम पानी के अलावा दूध पावडर तथा दूध मे झाग पैदा करने वाले तत्व मिलाकर जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे है उनके विरूद्ध एक लंबे समय से खाद्य एवं औषधी प्रशासन एवं स्थानीय नगर पालिका प्रशासन के सेनेटरी इंस्पेक्टर द्वारा कोई ध्यान व कार्यवाही नही किये जाने से नगर मे मिलावटी दूध बेचने वालो की तादाद लगातार बढ रहीं है मिलावटी दूध के इस गोरख धंधे मे दूध बेचने वाले जहां एक ओर मालामाल हो रहे है वहीं दूध क्रेता व दूध सेवन करने वालो के शरीर विभिन्न बिमारियों के शिकार हो रहे है जनहित मे शहर मे खुलेआम धडल्ले से बिक रहे मिलावटी दूध के कारोबारियों के विरूद्ध खाद्य एवं औषधी प्रशासन तथा पालिका प्रशासन ठोस कार्यवाही करें।

# रघुनाथ पटेल पुनः अध्यक्ष बनाये गये

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** छत्तीसगढ पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.डीपी मनहर व पांडे एवं तांडे तथा जामवंत वर्मा की उपस्थिति मे भाटापारा इकाई का नया निर्वाचन किया गया। जिसमे सर्व सम्मति से तीसरी मर्तबा रघुनाथ प्रसाद पटेल अध्यक्ष निर्वाचित किये गये। उपरोक्त अवसर पर आर के वर्मा, राधाचरण शुक्ला, नंदलाल बाजपाई, अशोक पंत, गिरधारी वर्मा, दिलीप सिंग बिसेन, कोमल नारायण यदु, उमराव सिंग रात्रे व आशाराम अनंत सहित अन्य लोगों ने पटेल को बधाई देते हुये उनके पिछले कार्यकाल की सराहना की। बैठक मे 62 वर्ष से लेकर 90 वर्ष तक के पेंशनधारी उपस्थित थे। रघुनाथ प्रसाद पटेल के अध्यक्ष बनने पर संतराम साव, आनंद मोहन मिश्रा, संतोष शर्मा, पुनीतराम सेन, बी वर्मा, गणेशराम वर्मा, परेटनदास साहू, केएन पांडे, मनटोरा यदु, सीता केशरवानी, जानकी वर्मा, विष्णु प्रसाद साहू, सुशील वर्मा, सुमन गुप्ता, राजेश्वर वर्मा, तीजराम साहू, हरगोविंद वर्मा, कल्याण सिंग ठाकुर, एमके मंधान, कमलेश तिवारी, भगवानदास महिलांगे, गंगाप्रसाद यदु, रामु यादव, शिवकुमार वर्मा, संजय दीक्षित, केएन यदु, कौशिल्या निषाद, लक्ष्मी मारकंडे, बाबूलाल निषाद, शंकरलाल यदु, प्रकाश तिवारी, मनीराम साहू, कमलेश तिवारी, नारायण साहू, राजेश यादव, अशोक यादव, राजीव तिवारी सहित अन्य लोगों ने प्रसन्नता प्रकट की है।

## संक्षिप्त समाचार

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले पकड़े गये

**भाटापारा।** शहर थाना अंतर्गत बजरंग वार्ड में घर के अंदर मारपीट करते हुए घर में खड़ी कार में तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों को पकड़ा है उपरोक्त संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बजरंग वार्ड में अपने पड़ोसी के घर घुसकर डंडा लोहे की पाइप आदि से मारपीट करते हुए कार में तोड़फोड़ करने वाले लोगों को पुलिस ने विवेक शुक्ला की रिपोर्ट पर पकडा है पकड़े गए लोगों में अजय शुक्ला विजय शुक्ला एवं संजय शुक्ला सभी निवासी बजरंग वार्ड प्रमुख रूप से शामिल है इन सभी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323, 452, 427 व 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# विद्याचरणजी की पुण्य तिथि मनाई गई



**भाटापारा।** कांग्रेस भवन मे पूर्व केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री स्व.विद्याचरण शुक्ल की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपरोक्त कार्यक्रम मे सुशील शर्मा, ईश्वर सिंग ठाकुर, आलोक मिश्रा, संतोष यादव, लक्ष्मी पांडे, मोहन निषाद, मुकेश साहू, रोहित साहू, मनमोहन कुर्रे, महेन्द्र साहू, गुडडा मानिकपुरी, शैलेन्द्र अहिरवार, नवीन बख्श, अजय यादव, पूरण सिंग चौहान, अरूण यदू व गिरीराज चावड़ा सहित बडी संख्या मे अन्य कांग्रेसजन विभिन्न प्रकोष्ठो के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठेकेदार के घर में चोरी



**भाटापारा।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी पटपर में एक ठेकेदार बब्लूराम पाल के निवास पर अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर घर मे रखे गहने व नगदी की चोरी कर ली है। उन्होने बताया कि घर के आलमारी लगे ताला व आलमारी अंदर के लाकर का ताला को चाबी से खोलकर आलमारी में रखे नगदी 109000 रूपये, एक नग सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी झुमका, 5 पत्ती एंव 5 गेहू दाना सहित सोने का लकेट, 1 नग चांदी का करधन लगभग 45 तोला 1 जोड़ी चांदी का लच्छा, 1 जोड़ी चांदी का बिछिया, 3 नग चांदी का चाबी रिंग चोरी कर ले गया है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।

# अज्ञात चोरो ने सूने मकान में धावा बोलकर 80 हजार के माल उड़ाये



**भाटापारा।** शहर मे लगातार बढती चोरी की वारदात से आम नागरिक चिंतित है लाल बहादुर शास्त्री वार्ड पटपर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी मे स्थित एक सूने मकान मे अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर वहां 80 हजार रूपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उक्त संबंध मे पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कालोनी मे निवासरत स्टेट बैंक कर्मचारी अतुल सेवल्कर अपने परिवार सहित किसी कार्यवश बिलासपुर गये हुये थे इसी दौरान अज्ञात चोरों ने मकान के सूनेपन का फायदा उठाते हुये दरवाजे मे लगे ताला को तोड़कर मकान मे प्रवेश किया व वहां आलमारी मे रखे चार नग सोने की चूडी, एक मंगलसूत्र, दो सोने की अंगूठी, एक जोडी सोने की बाली, दो नग चांदी का पायल, चार नग चांदी का सिक्का, एक नग चांदी की गुच्छी तथा एक सैमसंग कंपनी का मोबाईल व 20 हजार रूपये नगद राशि मे हाथ साफ कर दिया है। पुलिस अज्ञात चोरो के विरूद्ध धारा 380, 457 के तहत मामला पंजीबद्ध कर पतासाजी मे जुट गई है।

रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले हजारों रेल यात्रियों की फिर मुश्किलें बढ़ने लगी

# रेल प्रशासन ने फिर से यात्री ट्रेनों को निरस्त करने का फैसला लिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रेल प्रशासन द्वारा विभिन्न निर्माण कार्यो का हवाला देकर एक बार फिर बडी संख्या मे अनेक यात्री ट्रेनो का परिचालन रदद किया गया है। जिससे रेल मार्ग पर यात्रा करने वाले हजारो रेल यात्रियों की फिर मुश्किलें बढने लगी है। आगामी 27 जून एवं 4 जुलाई 2024 को ट्रेन क्रमांक 18573 विशाखापटटनम भगत की कोठी एक्सप्रेस को रदद किया गया है इसी तरह 29 जून एवं 06 जुलाई 2024 को ट्रेन संख्या 18574 भगत की कोठी से चलकर विशाखापटटन जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन रदद रहेगी। इसी प्रकार आगामी 01 एवं 08 जुलाई 2024 को दुर्ग से चलकर अजमेर की ओर जाने वाली 18207 दुर्ग अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन को निरस्त किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 18208 अजमेर




दुर्ग एक्सप्रेस दिनांक 02 जुलाई एवं 09 जुलाई को रदद रहेगी। रेल प्रशासन के सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 18213 दुर्ग अजमेर एक्सप्रेस आगामी 30 जून एवं 07 जुलाई को रदद रहेगी इसी तरह ट्रेन क्रमांक 18214 अजमेर दुर्ग एक्सप्रेस 01 एवं 08 जुलाई 2024 को निरस्त की गई है ट्रेन संख्या 12549 दुर्ग उधमपुर एक्सप्रेस आगामी 09 जुलाई को दुर्ग से नहीं जायेगी इसी प्रकार ट्रेन क्रमांक 12450 उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस को आगामी 11 जुलाई के लिये निरस्त किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 20847 दुर्ग से चलकर उधमपुर जाने वाली शहीद कैप्टन तुषार महाजन एक्सप्रेस ट्रेन को आगामी 03 जुलाई के लिये रदद किया गया है ट्रेन क्रमांक 20848 उधमपुर दुर्ग एक्सप्रेस आगामी 05 जुलाई को रदद रहेगी इसी तरह आगामी 05 एवं 09 जुलाई 2024 को दुर्ग से चलकर निजामुददीन की ओर जाने वाली संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को रदद किया गया है ट्रेन क्रमांक 22868 निजामुददीन दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को विपरित दिशा मे आगामी 06 एवं 10 जुलाई के लिये रदद किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 12823 दुर्ग निजामुददीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को आगामी 06 एवं 08 जुलाई को परिवर्तित मार्ग से चलाते हुये न्यू कटनी, कटनी, ओहन, केबिन एवं लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन होकर चलाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह ट्रेन नंबर 12824 निजामुददीन दुर्ग संपर्कक्रांति एक्सप्रेस को 05, 07 एवं 09 जुलाई को झांसी जंक्शन ओहन केबिन कटनी, न्यू कटनी के रास्ते चलाने का निर्णय लिया गया है। आगामी 25 से 30 जून तक ट्रेन क्रमांक 18110 ईतवारी टाटा नगर एक्सप्रेस को पूरी तरह रदद कर दिया गया है आगामी 25 से 30 जून तक ट्रेन क्रमांक 12130 हावड़ा पूणे आजाद हिंद एक्सप्रेस को रदद किया गया है इसी तरह ट्रेन क्रमांक 12129 पूणे हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस 27 जून से 02 जुलाई तक नहीं चलेगी। रेल प्रशासन ने आगामी 25 जून से 30 जून तक गोंदिया एवं झारसुगुडा के बीच चलने वाली ट्रेन क्रमांक 08861/08862 गोंदिया झारसुगुडा जेडी पैसिंजर ट्रेन को बिलासपुर से झारसुगुडा के बीच रदद किया है उक्त ट्रेन बिलासपुर से गोंदिया के बीच चलेगी इसी तरह 25 एवं 26 जून को ट्रेन क्रमांक 13287 दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस को उसके निर्धारित समय से साढे तीन घंटा विलंब से चलाने का निर्णय लिया गया है इस तरह बहुतायत ट्रेनो को निरस्त किये जाने से रेल मार्ग के यात्री बुरी तरह रेल सफर करने के दौरान परेशान रहेंगे।

# अब बिजली उपभोक्ताओं को रिचार्ज करने पर ही बिजली मिल सकेगी

## इस सप्ताह से स्मार्ट मीटर सुविधा बिजली उपभोक्ताओं के घरों में

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

भाटापारा। छत्तीसगढ विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आगामी सप्ताह मे विद्युत उपभोक्ताओ के आफिस, घर व औद्योगिक संस्थान मे स्मार्ट विद्युत लगाने का काम द्रुत गति से किया जायेगा। भाटापारा विद्युत डिवीजन मे लगभग 85 हजार विद्युत उपभोक्ता है जिनके विद्युत मीटर मे अब स्मार्ट मीटर लगाने का काम क्रम से शुरू हो जायेगा




इसके तहत घरेलू उपभोक्ता के यहां ईलेक्ट्रानिक मीटर को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाया जायेगा। स्मार्ट मीटर लगने के बाद विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिल प्राप्त न होने की शिकायत दूर हो जायेगी वहीं स्मार्ट मीटर के लग जाने से पूरी तरह विद्युत चोरी पर लगाम लग सकेगा स्मार्ट मीटर के लगने से माह के अंतिम दिन की रात्रि 12 बजे तक का खपत का डाटा संबंधित उपभोक्ताओं को उनके पंजीकृत मोबाईल नंबर के जरिये विद्युत बिल प्राप्त हो जायेगा और उसके बाद मीटर रीडर की आवश्यकता नहीं रहेगी। अभी तक संचालित पुराने मीटर मे लोग छेडछाड करके बिजली चोरी कर लेते थे जिससे विद्युत वितरण कंपनी को काफी नुकसान पहुंच रहा था वहीं पुराने मीटर को लोग बंद भी कर देते थे लेकिन स्मार्ट मीटर मे अब बिजली फोने जैसे रिचार्ज करने पर प्राप्त होगा बिना रिचार्ज किये आप अपने आफिस, घर व औद्योगिक संस्थान बिजली नहीं जला पायेंगे वहीं रिचार्ज के प्लान के मुताबिक ही आप बिजली खपत कर सकेंगे स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को यह पहले ज्ञात हो जायेगा कि उसे कितने रूपये तक का बिजली खपत करना है। स्मार्ट लगने के बाद कोई भी व्यक्ति या संस्थान किसी भी एंगल से बिजली चोरी नहीं कर पायेगा वहीं सभी को पहले से प्रीपेड प्लान के तहत पैसा अदा कर रिचार्ज कराना होगा तभी बिजली मिल सकेगा।

# करोड़ों रूपये का बस स्टैंड गोबर के कंडे थापने का अड्डा बना

**भाटापारा।** पालिका प्रशासन की लापरवाही की वजह से करोड़ो रूपये की लागत से बने सुरखी रोड़ स्थित बस स्टैड परिसर इन दिनो असामाजिक तत्वो का अडडा बन गया है वहीं वहां पर अब सैकड़ो की तादाद मे गोबर के कंडे थापकर खरही जमाया जा रहा है संभवत- प्रदेश का यह पहला ऐसा बस स्टैड है जहां गोबर थापने व खरही गांजने का काम हो रहा है इसके पहले वहां पर सब्जी व्यवसायी काबिज थे लेकिन शहर मे यातायात की जटिल व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिये। बस स्टैड को सुरखी रोड़ मे व्यवस्थित करने का बेहतर काम शुरू किया था उसके पश्चात तमाम थोक सब्जी व्यवसायी अपना स्वयं का थोक सब्जी व्यवसाय को खपराडीह गांव के बाईपास की ओर ले गये है तब से अब तक एक लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी बस स्टैड सुधर नहीं पाया है। सुरखी रोड स्थित बस स्टैड लावारिश हालात मे पड़ा हुआ है। जहां मौजूदा समय मे गांजा, शराब पीने तथा ताश पत्ती खेलने व अन्य अनैतिक कार्य करने वालो का अडडा बन गया है साथ हीं हजारो की तादाद मे वहां पर गोबर थापने की अघोषित प्रतियोगिता चल रहीं है और तो और अब वहां पर गोबर के कंडे की खरही रचने का बडे पैमाने पर काम चल रहा है। करोड़ो रूपये के खर्च के बाद भी इस प्रकार की हास्यास्पद स्थिति के लिये पालिका प्रशासन जिम्मेदार है। उक्त संबंध मे पालिका अधिकारी से पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाईल कवरेज एरिया से बाहर होने के कारण उनका पक्ष रखा नहीं जा सका।

# हटरी बाजार में तीन दुकानों का ताला टूटा

**भाटापारा।** हटरी बाजार मे बीती रात अज्ञात चोरो ने तीन दुकानो का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया। बाजार मे स्थित सफी रेडीमेड संचालक मो.मेराज ने शहर थाना मे रिपोर्ट लिखाई कि उसके दुकान का शटर तोड़कर लगभग नगद 9 हजार रूपये व दो बंडल रेडिमेड सामान चुरा लिया गया है वहीं गौतम साहू के दुकान से नगद 1150 रूपये एवं छोटू पटेल के सब्जी दुकान से 11700 रूपये की चोरी अज्ञात चोरो ने कर ली है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर शहर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया है।



# अब निजी स्कूल मनमानी रूप से फीस नहीं ले सकेंगे

## बाल संरक्षण आयोग का कलेक्टर को सख्त कार्यवाही हेतु निर्देश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** शिक्षा के क्षेत्र मे अब शहर व क्षेत्र के लगभग 44 निजी स्कूल मनमानी रूप से स्कूल फीस की वसूली नहीं कर सकेंगे बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा निर्देश जारी कर कहा गया है कि निजी स्कूल अपनी फीस की जानकारी अनिवार्य रूप से स्कूल के बाहर बडे आकार के बोर्ड लगाकर उसमे स्कूल फीस की समुचित जानकारी का उल्लेख करते हुये सार्वजनिक रूप से लगाकर प्रदर्शित करेंगे आयोग ने इस दिशा मे सख्ती के साथ आदेश का पालन कराने के निर्देश कलेक्टर को दिये है यह विदित रहे कि शहर व क्षेत्र की तमाम निजी स्कूलों मे समय बेसमय स्कूल फीस मनमाने तौर पर बढाकर छात्र-छात्राओं से फीस वसूली किये जाने की लगातार शिकायतें मिल रहीं थी व भाटापारा क्षेत्र मे तो अनेक बार पालक संघ सहित अन्य बैनर तले स्कूलों की मनमानी फीस वसूली पर आंदोलन धरना प्रदर्शन के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने का क्रम भी चला था बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपने आदेश मे कहा है कि छत्तीसगढ अशासकीय फीस विनियमन और शिक्षा के अधिकार के अधिनियम के अनुसार स्कूल फीस तय होगी इसी के अंतर्गत निजी स्कूल अपनी फीस बढा सकेंगे आयोग के निर्देश के बाद अब निजी स्कूल तय मानक के अनुसार हीं कक्षावार फीस वसूल कर सकेंगे निजी स्कूलों को अब मनमाने तरीके से व अन्य मद मे फीस लेने का अधिकार नहीं होगा आयोग ने निर्देश दिया है कि निजी स्कूल मे प्रवेश तथा स्कूल ट्रांसफर प्रक्रिया के दौरान छात्र-छात्राओं व पालक अभिभावक से मनमाने तौर पर फीस वसूल नहीं कर सकेंगे इधर बच्चों की पढाई मे महंगाई की मार से जूझ रहे पालकों ने बाल अधिकार संरक्षण आयोग के निर्देश का स्वागत करते हुये इसे पूरी पारदर्शिता व कड़ाई से लागू करने की मांग की है। वर्तमान मे भाटापारा ब्लाक मे लगभग 44 निजी स्कूल संचालित है उन्हे अब नये नियम का पालन करते हुये अपने स्कूल के बाहर बडे आकार के बोर्ड लगाकर फीस वसूली व फीस की जानकारी का उल्लेख करना होगा।

# टोहड़ी घाट मार्ग जर्जर- चलना दूभर



**वाहन सवार गिरते पड़ते टोहडी घाट पहुंचते हैं**

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** शहर के महत्वपूर्ण स्थान टोहडी घाट जाने वाला मार्ग जर्जर हालत मे है दोपहिया वाहन से काफी मशक्कत के बाद सवार टोहडी घाट तक पहुंचते है। शहर को जल प्रदाय करने वाले स्थान की हालत यह है कि किसी सामान को भी वहां तक पहुंचाना एक दुष्कर कार्य है। नगर पालिका द्वारा उक्त मार्ग को अविलंब सुधार की आवश्यकता है।

नगर से 7 किलोमीटर दूर शिवनाथ नदी के किनारे टोहडी घाट स्थित है जहां प्रदेश के महान दानवीर दाउ कल्याण सिंग की उपेक्षित अवस्था मे मठ बनी हुई है वहीं शहर को जल प्रदाय करने वाली इंटकवेल की स्थापना की गई है जिससे पूरे नगर को जलापूर्ति की जाती है तरेंगा से लेकर एक मार्ग टोहडी घाट के लिये है जो लगभग 2 किलोमीटर लंबाई पर है जिसकी हालत जर्जर है दो किलोमीटर काफी मुश्किल के बाद तय होता है जगह जगह गडढे बन चुके है चार पहिया वाहन से लेकर दोपहिया वाहन काफी मुश्किलो के बाद टोहडी घाट पहुंचता है जबकि इंटकवेल सुधार के लिये अगर किसी वाहन को ले जाना है तो उसके लिये बारिश के समय एक कठिन कार्य हो जाता है साथ हीं ग्राम टोहडी, अकोली एवं नदी के उस पास के ग्रामो मे प्रतिदिन सैकड़ो लोग नदी पार कर भाटापारा आते है जो दिनभर कार्य पूर्ण कर शाम तक नदी पार करके उस पार जाते है आस पास तरेंगा व सूमा गांव के किसानो के खेत भी स्थित है जर्जर सड़क के कारण तमाम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है तरेंगा ग्राम के पूर्व सोसायटी अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने बताया कि तरेगा से टोहडी घाट मार्ग आस पास क्षेत्र के लाईफ लाईन के रूप मे देखा जाता है क्योकि उक्त मार्ग से प्रतिदिन नदी के इस पार और नदी के उस पार रहने वाले लोगों का आवागमन जारी रहता है लेकिन जर्जर सड़क के कारण काफी दिक्कते होती है जिसको अविलंब निर्माण किये जाने की आवश्यकता है।



# अवैध कब्जों को छोटे नेता व भगवान बचा रहे हैं

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व क्षेत्र मे इन दिनो भगवान व नेताओं की आड़ लेकर महत्वपूर्ण स्थानो पर अवैध कब्जा करने वाले पूरी तरह सक्रिय हो गये है क्षेत्र के प्रसिद्ध दानवीर स्व. दाउ कल्याण सिंग द्वारा सन 1935 मे भीषण अकाल की विभिषिका के दौरान जनता को राहत देने के उददेश्य से बनाये गये कल्याण सागर तालाब के ऐतिहासिक स्थल पर चारो दिशाओं मे बडे पैमाने पर पक्के अवैध कब्जे करने वाले पूरी रफ्तार से अवैध कब्जा करने जुटे हुये इन अवैध कब्जाधारियों को कुछ छोटे नेता एवं भगवान के मंदिर का सहारा मिलने लगा है तालाब के चारो दिशाओं मे उपरी तट के अलावा नीचे हिस्से मे भी द्रुत गति से अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण करने वाले सक्रिय है जिन्हे रोकने टोकने की दिशा मे पालिका प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हो रहा है तालाब तट पर कब्जा करने वालो ने चालाकी से नया पैंतरा अपनाते हुये अवैध कब्जा स्थल पर जगह जगह दर्जनो की संख्या मे अनेक भगवान के मूर्ति को स्थापित कर छोटा बड़ा मंदिर भी इसलिये बना रखा है ताकि उनका अवैध कब्जा सुरक्षित रह सके। अवैध कब्जा को प्रश्रय पालिका स्तर के कुछ नेता भी संरक्षण दे रहे है जिससे ऐतिहासिक महत्व का कल्याण सागर तालाब अवैध कब्जो की भेंट चढ गया है। जिससे स्व. दाउ कल्याण सिंग की बहुमूल्य धरोहर कल्याण सागर तालाब के अस्तित्व पर पर खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिको ने कल्याण सागर तालाब से तमाम अवैध कब्जा हटाकर तालाब के संरक्षण व संवर्धन एवं सफाई की पुरजोर मांग की है।

# बढ़ती दुर्घटनाओं में सुरक्षा अपनाने हेलमेट जरूरी

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** सड़को पर आये दिन वाहन दुर्घटना बढती जा रहीं है सड़को मे दुपहिया सवार बडी वाहनो की चपेट मे आने से घायल हो रहे है सुरक्षा के दृष्टि से हेलमेट की उपयोग को अनिवार्य करना आवश्यक है क्योकि हेलमेट से काफी सुरक्षा वाहन सवार को हो जाती है। हेलमेट को लेकर जागरूकता अभियान चलाये जाने की जरूरत है लगभग एक वर्ष पूर्व तत्कालीन पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं एसडीशन एसपी सचिंन्द्र चौबे ने आग्रह नाम से एक जागरूकता अभियान चलाया था और गांव गांव मे इसे लिये सभा करके लोगों को जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम की शुरूआत पलारी क्षेत्र के ग्राम गिधपुरी से इसकी शुरूआत की गई थी जहां यातायात विभाग एवं पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने एक सभा लेकर के इस कार्यक्रम की शुरूआत की थी जो लगभग हर थाना क्षेत्र मे किया गया था और उसका असर यह आया था कि पूरे प्रदेश मे जब आंकड़ा निकाला गया तो हेलमेट की जागरूकता के कारण बलौदाबाजार जिला मे सबसे कम दुर्घटना हुई थी समय के साथ लोग लापरवाही बरतने लगे जिसके लिये पुनः प्रयास कर जागरूकता अभियान चलाये जाने की जरूरत है।



# नये कलेक्टर व एसपी से लोगों को अच्छे प्रशासन की उम्मीद

**भाटापारा।** बलौदाबाजार मे हुये अग्निकांड के बाद राज्य शासन ने जिला के कलेक्टर कुमार लाल चौहान व एसपी सदानंद कुमार को हटा दिया है उनके स्थान पर नये जिला कलेक्टर के रूप मे दीपक सोनी एवं नये एसपी के रूप मे विजय अग्रवाल को पदस्थ किया गया है। नये कलेक्टर व एसपी के पदस्थ होने के बाद भाटापारा सिमगा क्षेत्र के निवासियों को उम्मीद है कि नये अधिकारी इन क्षेत्रो मे भी लगातार दौरा कर प्रशासनिक कसावट की दिशा मे कार्य करेगे।







# इंद्राणी व वीणा साहू सम्मानित हुई

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर के साहित्यकार डॉ. इंद्राणी साहू को गत 15 जून को नई दिल्ली के हिंदी भवन मे छंदबद्ध भारत का संविधान पुस्तक का विमोचन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। डॉ. इंद्राणी साहू ने अपने साहित्य लेखन के जरिये उक्त कार्य किया है। एक समारोह मे उन्हे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित किया गया इस दौरान पूर्व विदेश मंत्री मिनाक्षी लेखी, डॉ. श्याम सिंग शशि, रमा सिंग, पंकज शर्मा, शकुंतला कॉलर, संतोष खन्ना, सुरेश सिंग प्रियदर्शी, डॉ. चेतन आनंद व आलोक कुमार सहित अनेक प्रमुख हस्ति उपस्थित थे। डॉ. इंद्राणी साहू को सम्मानित किये जाने पर दुर्गा प्रसाद साहू, बल्देव भारती, कन्हैया साहू, अजय साहू, नरेन्द्र वर्मा, सीमा अवस्थी, जगदीश साहू व मुकेश शर्मा सहित बडी संख्या मे अन्य लोगों ने बधाई प्रेषित की है। वहीं शहर की एक अन्य शिक्षिका वींणा साहू को उनकी शैक्षणिक सामाजिक साहित्यक धार्मिक पारस्परिक लोक गायन एवं अन्य कला मे निरंतर सक्रिय रहकर कार्य करने के एवज मे मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद दिल्ली द्वारा डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है वींणा साहू को भी अरूण छाबड़ा सहित अन्य लोगों ने बधाई देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# भाटापारा पालिका क्षेत्र के वार्डों का परिसीमन होगा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा।** आगामी नवंबर दिसंबर माह 2024 मे छत्तीसगढ राज्य के नगरीय निकायों का आम निर्वाचन प्रस्तावित है। उपरोक्त संदर्भ मे नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 29 की उपधारा (3) के अनुसार वार्डों का परिसीमन करने का निर्देश डॉ. बसव राजू एस सचिव छत्तीसगढ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया है। जिसके तहत अब प्रदेश की सबसे बडी भाटापारा नगर पालिका मे आने वाले चुनाव के पूर्व वार्ड परिसीमन का कार्य किया जायेगा संभावना है कि कुछ बडे वार्डो का विभाजन कर नये वार्ड बनाये जायेंगे जिसके तहत शहर मे तीन से चार के बीच नये वार्ड बन सकते है नये वार्ड बनने के बाद संभावना है कि उन वार्डो का नाम प्रमुख राजनीतिक हस्तियो के नाम पर हो सकता है इधर प्रबुद्ध नागरिकों ने भारत पाक सन 1971 मे शहीद हुये कृष्ण कुमार खोंडे के नाम पर नये वार्ड बनाने की मांग की है वहीं अनेक लोगों ने क्षेत्र के प्रसिद्ध दानवीर स्व.दाउ कल्याण सिंग के नाम पर वार्ड बनाने की मांग की है वहीं अनेक लोगों ने स्व. गजाधर प्रसाद मिश्रा, स्व.मन्नू लाल मिश्रा व स्व. गनपत लाल शर्मा पूर्व पालिकाध्यक्ष के योगदान को देखते हुये उनके नाम से नये वार्ड बनाने की मांग की है। स्व.गजाधर प्रसाद मिश्रा एक लंबे समय तक हमाल रेजा तौलैया कुली व श्रमिको के हित मे लगातार लडते रहे व आवाज उठाते रहे है वहीं स्व. मन्नू लाल मिश्रा क्षेत्र के प्रखर वक्ता के साथ साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे।

## संक्षिप्त समाचार

# झेरिया यादव समाज के पदाधिकारियों को सामाजिक लोगों ने बधाई दी



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के नवीन पदाधिकारियों का गठन किया गया। प्रदेश पदाधिकारीगण जिलाध्यक्षगण एवं तहसील ब्लॉक के अध्यक्ष पदाधिकारीगण का गठन किया गया। जिसमे तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष पद पर व कार्यकारिणी सदस्य की भी नियुक्ति की गई जिसमे जगनीक यादव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रदेश महामंत्री शिवकुमार यादव के अनुशंसा पर जिला उपाध्यक्ष नारांतक यादव टोनाटार मुन्ना यादव चंदली को तरेंगा राज भाटापारा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति की गई साथ ही कार्यकारिणी सदस्य का गठन किया गया जिसमे मुन्ना यादव अध्यक्ष चंदली शोभाराम यादव उपाध्यक्ष लेवई मुनीराम यादव उपाध्यक्ष चंदली रूपराम यादव उपाध्यक्ष गुडेलिया पुरूषोत्तम यादव सचिव तरेंगा जोहन सिंह यादव कोषाध्यक्ष चंदली हृदय यादव उप लेखापाल तरेंगा कमलेश यादव सह सचिव भाटापारा रवि यादव लेखापाल भाटापारा रतन यादव सहित अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

# झम्मन शास्त्री ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**भाटापारा।** पर्यावरण संरक्षण एवं वट सावित्री व्रत महापर्व का महत्व विशेष संदेश झम्मन शास्त्री द्वारा दिया गया। भारतवर्ष में सनातन धर्म के आदर्श परंपरा में जितने भी व्रत पर्व उत्सव त्यौहार मनाया जाता है उसके पीछे कई रहस्य होते हैं। वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक विविध प्रकल्प इस पर्व के पीछे संलग्न रहता है आज इस महान पर्व से प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अपने क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए देव वृक्ष वटवृक्ष पीपल गूलर डूमर आम विल्वफल आंवला नीम केला आदि विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर उसे सुरक्षित रखने का उपाय अवश्य करें। इससे भगवान की कृपा प्राप्त होती है साथ ही जीवन दायिनी नदी पर्वत जंगल को बचाने का अधिक से अधिक प्रयास करें भारतवर्ष के ऋषि मुनि परम वैज्ञानिक थे। उन्होंने वट पीपल की पूजा कर उसमें देवताओं का निवास बताया पीपल वृक्ष वासुदेव का प्रतीक है वटवृक्ष में भगवान शिव जी निवास करते हैं। साधना तप एवं व्रत के द्वारा अपने परिवार की सुरक्षा एवं पतिदेव की दीर्घायु एवं आरोग्यता के लिए यह पर्व महत्वपूर्ण है। आज के दिन सावित्री मां से विशेष प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।



# धान बेचने आये किसान को लुटेरों ने चाकू से वार कर मौत की नींद सुला दिया

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** क्षेत्र मे अपराध का सिलसिला लगातार परवान चढ़ रहा है मुंगेली जिला के एक कृषक को अज्ञात लुटेरो ने चाकू मारकर मौत की नींद सुलाते हुये उसके पास रखे 8 हजार रूपये लूटकर फरार हो गये है। उपरोक्त संबंध मे पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि शहर से 7 किलोमीटर दूर सेमरिया घाट शिवनाथ नदी पुल के नजदीक मुंगेली जिला के ग्राम हरडीडीह निवासी छेदीराम जगत अपने दो दोस्तो के साथ दुपहिया वाहन सवार मे बैठकर अपनी धान उपज बेचने आगे आगे भाटापारा की ओर आ रहे थे इस बीच धान लदी उनकी ट्रेक्टर पीछे था इसी दौरान सेमरिया घाट पुल के पास चार अज्ञात नकाबपोश लुटेरे वहां पहुंचे और चाकू दिखाकर दुपहिया वाहन चालको के साथ मारपीट करने लगे इस दौरान दुपहिया वाहन मे छेदीराम जगत के साथ बैठे साथी अपनी जान बचाने वहां से भाग खडे हुये तब लुटेरो ने छेदीराम जगत पर ताबडतोड़ हमला कर उसके पास रखे रूपये लूटकर फरार हो गये हमलावरों के चाकू प्रहार से छेदीराम जगत के पेट मे गंभीर मार लगी व उसकी अतडियां बाहर निकल आई फलस्वरूप घटना स्थल पर हीं उसकी मौत हो गई। बाद मे छेदीराम जगत को भाटापारा हास्पिटल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर भाटापारा पुलिस का कहना है कि घटना स्थल क्षेत्र थाना नवागढ पुलिस चौकी मारो के अंतर्गत आ रहा है इसलिये संपूर्ण प्रक्रिया व जांच पड़ताल अब मारो पुलिस करेगी।

# प्रमाणित बीज के लिये भटक रहे हैं किसान

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** खरीफ फसल के समय नजदीक आते हीं किसान धान के प्रमाणित बीज के लिये भटक रहे है। हर वर्ष प्रमाणित बीज के लिये किसानो को काफी तकलीफ का सामना करना पडता है और इसी के साथ हीं किसान हल्के बीजों से काम चलाता है शासन हर वर्ष किसानो के हित के लिये तमाम वादे करता है लेकिन उन वादों के साथ हीं किसान के लिये कोई उल्लेखनीय कार्य नहीं हो पाता है नई तकनीक और नई सोंच के साथ किसान प्रमाणित बीज के लिये अपनी लालसा दिखाता है लेकिन प्रमाणित बीज उसे नहीं मिल पाता है पुराने समय मे पुराने बीजों से हीं काम चला लिया जाता था लेकिन आजकल के किसान प्रमाणित बीज को ज्यादा प्राथमिकता देते है क्योकि जागरूकता बढने के साथ लोगों को प्रमाणित बीज ज्यादा बेहतर लगता है ज्यादातर किसान सरना और महामाया किस्म की धान की बुआई करते है



और यहीं दोनो बीज बाजार या कृषि विभाग मे समुचित मात्रा मे उपलब्ध नहीं हो पाता है जितनी मात्रा मे किसानो धान का बीज चाहिये होता है उस मात्रा मे धान का बीज किसानो को उपलब्ध नहीं हो पाता है जिसके कारण किसानो को सामान्य बीज के साथ किसानी कार्य को पूर्ण करना पड़ता है किसानो ने शासन से पर्याप्त मात्रा मे सरना धान व महामाया धान के प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

## कोरबा नगर निगम का AE और SE रिश्वत लेते गिरफ्तार: ACB ने 35 हजार रुपये लेते पकड़ा

**कोरबा** । भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके नगर निगम कोरबा के दो अधिकारीयों को एंटी करप्शन ब्यूरो ने आज छापामार कार्यवाही करते हुए रंगेहाथ रिश्वत लेते हुए धर दबोचा है. उक्त अधिकारीयों द्वारा निगम में कार्यरत ठेकेदार से बिल पास करने के नाम पर रिश्वात माँगी गई थी. प्राथी ठेकेदार ने इसकी शिकायत ब्यूरो में की जिसके पश्चात आज दिनॉक को ब्यूरो द्वारा निगम कार्यालय में ठेकेदार से रिश्वत लेते अधिकारीयों को रंगेहाथों पकड़ा गया है. प्राप्त जानकारी अनुसार आरोपी डी.सी. सोनकर, सहायक अभियंता, दर्री जोन के द्वारा नगर निगम में प्रार्थी ठेकेदार द्वारा कराए गये निर्माण कार्य से सम्बंधित भुगतान राशि करीब 21 लाख रुपये को पास करने के एवज में भुगतान राशि का 2 प्रतिशत कुल 42000 रुपये रिश्वत मांगी गई थी. प्रार्थी द्वारा इस बात की शिकायत एसीबी बिलासपुर में की गई. शिकायत का सत्यापन कराए जाने पश्चात आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ने योजना बनाई गई. इस बिच अरोपी सोनकर द्वारा 42000 की जगह 35000 रुपये लेने हेतु सहमती दी गई. जिसपर आज दिनांक 18.6.24 को एसीबी द्वारा जाल बिछाया गया और प्रार्थी ठेकेदार को रिश्वत के पैसे लेकर भेजा गया. प्रार्थी ठेकेदार जब अरोपी सोनकर को रिश्वत की रकम 35000 रुपये देने निगम कार्यालय कोरबा गया तो अरोपी सोनकर ने रिश्वत की रकम अपने उप अभियंता देवेंद्र स्वर्णकार को दर्री जोन कार्यालय में देने हेतु कहा गया।

## हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में 2 बच्चे बेहोश मिले

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** रायपुर रेल मंडल में संचालित कमर्शियल कंट्रोल को गाड़ी संख्या 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में 2 बच्चे के बेहोश होने की सूचना कमर्शियल कंट्रोल ने तत्काल मुख्य स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार को सूचना दी मुख्य स्टेशन प्रबंधक ने प्लेटफार्म नम्बर 3 पर 13:45 बजे गाड़ी के आगमन पर पहुंचकर बच्चों को सहायता दी गई। उक्त गाड़ी में जनरल टिकट पर बिलासपुर से भाटापारा तक अपनी माँ नाम सोमना राजपूत पति पुनीत कुमार उम्र 42 वर्ष साकिन बिजनौर उत्तर प्रदेश अन्य परिजनों के साथ आगे जनरल डिब्बे में यात्रा कर रहे थे उनके साथ यात्रा कर रहे बालिका नाम भव्या राजपूत उम्र 15 वर्ष और बालक नाम



कृतग्य राजपूत उम्र 10 वर्ष के अचानक बेहोश हो गए थे जिनको अन्य यात्रियों की मदद से पानी एवं ओ आर एस घोल दिया गया जिसमें उक्त दोनों बच्चों को होश आ गया था। दोनों बच्चों को सही हालत में भाटापारा में उतार कर तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु भाटापारा अस्पताल ले जाया गया जिसमें नर्सिंग ऑफिसर अनुराग सिंह के द्वारा उक्त बालक और बालिका का चेक कर प्राथमिक उपचार दिया गया तथा तथा ठीक लगने पर उक्त नर्सिंग ऑफिसर के परामर्श से उनके परिवार वालों के द्वारा स्वयं एक गाड़ी बुक कर उनकी मौसी के निवास स्थान टैगोर नगर रायपुर के लिए समय लगभग 14:55 बजे रवाना किया गया। मुख्य स्टेशन प्रबंधक अजय कुमार एवं ओटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन सुविधा प्रदाता धरमदास के साथ सहायक उप निरीक्षक संतोषी शर्मा के द्वारा बच्चों को सहायता दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### बिलासपुर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## एक सीएमओ, तीन इंजीनियर व एक लेखापाल निलंबित




**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बिलासपुर के घरघोड़ा नगर पंचायत में सीसी रोड़ निर्माण में लापरवाही पर बड़ा एक्शन लिया है। पंचायत के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड निर्माण कार्य गुणविहीन होने और कार्य में लापरवाही बरतने पर पांच अफसरों को निलंबित कर दिया गया। घरघोड़ा नगर पंचायत के सीएमओ सहित तीन इंजीनियर व एक लेखापाल को निलंबित करने का आदेश नगरीय प्रशासन विभाग की ओर से जारी कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उक्त सभी पांचों अफसरों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

दरअसल नगर पंचायत घरघोड़ा के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड़ निर्माण कार्य किया जाना था। इन कार्यों में संबंधित विभाग द्वारा भारी लापरवाही बरती गई। संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा जांच समिति गठित की गई। जांच प्रतिवेदन में नगर पंचायत घरघोड़ा में अधोसंरचना मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराया गया। यही नहीं विभिन्न वार्डों में कराये गये सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप नहीं कराया गया। इसके साथ ही कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं हुआ और गुणवत्ताहीन सीसी रोड़ निर्माण कार्य का भुगतान भी कर दिया गया।

इस पूरे में मामले में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता, तत्कालिक उप अभियंता घरघोड़ा निखिल जोशी, प्रदीप पटेल, अजय प्रधान व लेखापाल जयानंद साहू को जिम्मेदार पाया गया। जांच प्रतिवेदन के बाद इन्हें दोषी पाया गया। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य नगर पालिका (कार्यपालन/यांत्रिकी/स्वास्थ्य) सेवा, भर्ती तथा सेवा की शर्तें नियम 2017 के नियम 33 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## उत्तर प्रदेश के तस्कर रायपुर में गिरफ्तार, आरोपी के कब्जे से लगभग ढाई लाख का गांजा जब्त

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने उत्तर-प्रदेश के अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर को 12 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी भाठागांव न्यू बस स्टैण्ड स्थित गेट नंबर तीन के पास गांजा के साथ खड़ा हुआ था। वह कहीं जाने और बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। इस दौरान पुलिस ने उसे रंगे हाथ पकड़ा है। उसके कब्जे से लगभग दो लाख 40 हजार रुपये का गांजा जब्त किया गया है। पूरा मामला टिकरापारा थाना का है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना मिली कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव न्यू बस स्टैण्ड स्थित गेट नंबर तीन पास एक व्यक्ति अपने पास गांजा रखा है। कहीं जाने की फिराक में है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना टिकरापारा पुलिस की टीम ने मुखबिर के बताए जगह पर पहुंचकर व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम शानू सिद्धकी निवासी बाराबंकी (उत्तर-प्रदेश) का होना बताया। पुलिस ने उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग दो लाख 40 हजार रुपये जब्त किया है। साथ ही थाना टिकरापारा में अपराध क्रमांक 478/2024 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।



# प्रदेश के सभी स्कूलों में बनेंगे स्मार्ट क्लासरूम : जल्द शुरू होगी 33 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया

### शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने बैठक में दिए निर्देश....



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नये शिक्षा सत्र प्रारंभ होने से पहले शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शिक्षा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए तथा विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षकों की भर्ती, वेतन विसंगति, पदोन्नति, नई शालाओं के निर्माण समेत विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर जानकारी ली।

मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में शिक्षा के स्तर को विश्व स्तरीय बनाने के लिए हम लगातार कार्य कर रहे हैं राज्य में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों पर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से स्वीकृति के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके साथ ही राज्य में वेतन विसंगति

**छत्तीसगढ़ में शिक्षा के क्षेत्र में किए जायेंगे महत्वपूर्ण बदलाव, विश्व स्तरीय शिक्षा दिलाने की होगी प्रयास**

और संयुक्त संचालक, उप संचालक, प्राचार्य, व्याख्याता, उच्च वर्ग शिक्षक, प्रधानपाठक (माध्यमिक शाला) की पदोन्नति के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। मंत्री ने इन सारी विसंगतियां को जल्द से जल्द दूर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

### DMF और CSR मद से बनेंगे स्कूल भवन

मंत्री अग्रवाल ने सभी शासकीय और गैर शासकीय स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए पाठ्य पुस्तक निगम को निर्देश देते हुए कहा कि पुस्तकों को जिला स्तर पर उपलब्ध कराया जाए।

# मुख्यमंत्री से भारतीय पुलिस सेवा 75वें आरआर बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में भारतीय पुलिस सेवा 75वें आरआर बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी के निदेशक श्री रतनलाल डांगी ने बताया कि भारतीय पुलिस सेवा 75वें आरआर बैच के चार अधिकारियों श्री आकाश श्रीश्रीमाल, श्री अजय कुमार, श्री अक्षय प्रमोद साबरा और श्री विमल कुमार पाठक को छत्तीसगढ़ कैडर मिला है। इन अधिकारियों ने राष्ट्रीय पुलिस अकादमी हैदराबाद में 11 महीने व छत्तीसगढ़ में 6 महीने का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रशिक्षु पुलिस अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के रूप में आप के ऊपर सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी है। प्रशिक्षण की अवधि का लाभ उठाकर निश्चित ही आप सभी बेहतर पुलिसिंग के मानदंडों पर खरे उतरेंगे। इस मौके पर राज्य पुलिस अकादमी के पुलिस अधीक्षक श्री जयंत वैष्णव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सभी नगरीय निकाय पानी की टंकी एवं नालों की सफाई सुनिश्चित करें: कलेक्टर




**रायपुर।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने रेडक्रास सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली और विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी नगरीय निकाय के सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि उनके यहाँ पानी के टंकी की सफाई हो गई हो ताकि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मिले। बारिश में किसी भी प्रकार की महामारी या बीमारी ना फैले। इसका साथ ही टंकी सफाई के काम का प्रमाण पत्र प्रदान करें। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी नालों-नाली की सफाई पूर्ण करलें ताकि जलभराव की स्थिति ना हो। डॉ सिंह ने कहा कि आंधी-तूफान की स्थिति आने पर नगर निगम जिला पंचायत, विद्युत विभाग एवं अन्य अधिकारी फिल्ड में तत्काल निकलें और स्थिति पर नजर बनाएं रखें और किसी प्रकार की समस्या आने पर उसका समाधान करें। इससे नागरिकों को समय में राहत मिलेगी। कलेक्टर ने कहा कि एनजीटी ने 15 जून तक सारे रेत खदान बंद किए जाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद भी रेत उत्खनन पाए जाने पर खनिज विभाग तथा अन्य संबंधित राजस्व अधिकारी तत्काल कार्रवाई करें। आबकारी विभाग ओवर रेट की शिकायत पर अविलंब कार्रवाई करें। पौधरोपण के लिए तैयारी करें और स्कूल शिक्षा सहित अन्य विभाग तत्काल जानकारी प्रदान करें। कलेक्टर ने कहा कि खाद्-बीज के स्टॉक पर नज़र रखें और इसकी कमी ना होने दें। साथ ही स्वास्थ्य विभाग बारिश को मद्देनजन रखते हुए दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप एवं सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद उपस्थित थे।

# भूजल स्तर नीचे जाने से वार्डवासियों को लगातार पेयजल की समस्या बनी रहती है

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** विगत कुछ दिनों से तापमान बढ़ने व भीषण गर्मी के कारण भाटापारा सहित आसपास के क्षेत्र में भूजल स्तर तेजी से कम हो रहा है।सार्वजनिक सबमर्सिबल पंप के साथ साथ निजी पंप के वाटर लेवल लगातार गिरते जा रहे है।वार्ड पार्षद राजेश छाबड़िया द्वारा बताया गया कि वार्ड में भी भूजल स्तर तेजी से कम हुआ है जिसके कारण वार्डवासियों को लगातार पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा था।जिसे देखते हुए पार्षद निधि से बोर खनन किया जा रहा है।वार्ड निवासी शैलेश चंदेल द्वारा नारियल फोड़कर बोर खनन का कार्य प्रारंभ किया गया।बोर खनन होने से वार्ड वासियों ने राहत की सांस ली व पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा,पूर्व पार्षद श्री दिलीप छाबड़िया,भाजपा नेता श्री आशिष जायसवाल,श्री धनेश माधवानी व पार्षद राजेश छाबड़िया का हृदय से आभार व्यक्त किया,इस अवसर पर प्रमुख रूप से शैलेश चंदेल,नानक गंगवानी,मनीष नायक,रोशन मिश्रा,ढेंगी भाई आदि उपस्थित रहे।

# सफाई व्यवस्था फिर बिगडी सर्वाधिक गंदा शहर भाटापारा

ब्यूरोचीफ संतोष साहू






*भाटापारा। प्रदेश की सबसे बडी व पुरानी भाटापारा नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था इन दिनो पूरी तरह चरमरा गई है जिससे शहर मे व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है चारो तरफ अव्यवस्था व गंदगी का माहौल सर चढकर बोल रहा है।*

पालिका के जिम्मेदार अधिकारी गहरी नींद मे है वहीं प्रशासन का अमला भी सुस्त बैठ गया है भाटापारा पालिका प्रशासन की आलोचना हो रहीं है वहीं क्षेत्रिय नागरिको ने कहा है कि भाटापारा पालिका मे भारी भरकम सुविधा व स्टाफ होने के बावजूद शहर की सफाई व्यवस्था बद से बदतर स्थिति मे पहुंच गई है केवल कुछ नालियों की हीं सफाई हो रहीं है शेष स्थानो पर तो कचरो का पहाड़ जमा हो रहा है। रेल्वे ओव्हर ब्रिज के दोनो छोर पर स्थित सर्विस रोड मे कचरा व गंदगी का अंबार लगा है इसी प्रकार हटरी बाजार पुराना अंडरब्रिज के पास लगभग एक किलोमीटर क्षेत्र मे गंदगी व बदबू का ऐसा माहौल है कि वहां जाने वाले सौ बार पालिका प्रशासन को कोसते है इसी प्रकार हटरी बाजार अंडरब्रिज व टेंहका फाटक अंडरब्रिज मे गंदगी का साम्राज्य बना हुआ है नगर के प्रमुख चौक चौराहे कूडे करकट कचरा के ढेर से लबालब भरा पड़ा है और तो और कल्याण सागर का ऐतिहासिक तालाब भी गंदगी की मार से जूझ रहा है बदबू मारती जल से लोग परेशान हो गये है संपूर्ण शहर का कचरा टेंहका भांठा, पंचशील नगर एवं हथनीपारा रावण भांठा के पीछे तथा लाल बहादूर शास्त्री वार्ड पटपर मे तहसील कार्यालय के सामने कचरा यार्ड बना है जहां भी घनघोर अव्यवस्था के कारण संपूर्ण कचरा सड़क तक फैलने लगा है जिसके कारण बदबू व गंदगी से लोग हलाकान है।

# प्रधानमंत्री ने किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत 17वीं किस्त की राशि का किया अंतरण

## जिले के 1 लाख 24 हजार से अधिक किसानों को 25.43 करोड़ रूपये राशि का किया हस्तांतरण

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

बलौदाबाजार। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उत्तरप्रदेश राज्य के वाराणसी शहर में आयोजित समारोह के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत देश के किसानों के खाते में 17वीं किस्त की राशि का अंतरण किया गया। इसके अंतर्गत बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 1 लाख 24 हजार 27 किसानों के खातों में 25 करोड़ 43 लाख रुपये की राशि का अंतरण किया गया।



इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं किसान हितैषी योजना बताया। जिले के भाटापारा विकासखण्ड के दाउ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय भाटापारा में कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राशि अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक भाटापारा श्री इंद्र कुमार साव उपस्थित रहे। इस योजना के माध्यम से अपने खाते में राशि जमा होने से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के किसान बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। इस योजना के अंतर्गत अपने खाते में राशि अंतरित होने से जिले के ग्राम दशरमा के कृषक भीखूराम घृतलहरे ग्राम बोड़तरा गुणवंत वर्मा बहुत ही प्रसन्नचित नजर आ रहे थे। उन्होंने इस योजना को अपने लिए अत्यंत मददगार बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना को लागू कर हमारे जैसे देश के लाखों, अन्नदाता किसानों के मेहनत का सम्मान करने का कार्य किया है।

उप संचालक कृषि श्री दीपक नायक ने बताया कि 17वीं. किस्त जारी होने के दिन को ''पीएम किसान उत्सव दिवस'' के रुप में मनाया गया। इस दौरान योजना का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार विकासखण्ड कार्यालय एवं मैदानी अधिकारियों के माध्यम से करते हुए, किसानों के बीच उनके आधार सीडेड बैंक में धनराशि जारी होने के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें किसानों को योजना अंतर्गत पंजीयन की स्थिति, ई-केवायसी, भूमि विवरण, बैंक आधार सीडिंग आदि की जानकारी से अवगत कराया गया। जिले के 5 प्रतिशत किसानों का योजना में भौतिक सत्यापन भी किया जा रहा है। जिसकी जानकारी किसान अपने क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अथवा विकासखण्ड कृषि कार्यालय तथा बैंक शाखा में संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। बैंक में डीबीटी सक्रिय नहीं होने की स्थिति में हितग्राही स्वयं बैंक शाखा में संपर्क कर डीबीटी सक्रिय करावें अथवा पोस्ट ऑफिस बैंक में डीबीटी के साथ नवीन खाता खुलवाया जा रहा है।

**अपने खाते में राशि जमा होने से जिले के किसान हुए प्रसन्नचित, किसान हितैषी योजना की सराहना की**

इस मौके में जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, सरपंच ग्राम पंचायत खपराडीह लक्ष्मण दास मानिकपुरी, भाटापारा एसडीएम नितीन तिवारी, अधिष्ठाता डॉ. एच.एल. सोनबोईर कृषि महाविद्यालय भाटापारा,वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ.अंगद सिंह राजपूत एसडीओ कृषि जयइंद्र कंवर,सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी नारद कुमार भारद्वाज, तहसीलदार श्रीमति चंद्ररेखा चंद्रवंशी, वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार कश्यप,आरईओ सौरभ सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान बंधु उपस्थित रहें।

# प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ में उद्योग एवं व्यापार जगत की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध

## नई उद्योग नीति ,होलसेल कॉरिडोर पर शासन स्तर पर सुझाव देने का निर्णय

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा अब व्यापारी वर्ग एवं उद्योगों की समस्याओं को जिला स्तर पर निराकरण किया जाएगा वही नया रायपुर में होलसेल कोरिडोर के निर्माण ,एवं दुकानों के आबंटन संबंधित सुझाव मुख्यमंत्री, वितमंत्री एवम नया रायपुर विकास प्राधिकरण को देने का निर्णय लिया गया है।




वही नई उद्योग नीति में छत्तीसगढ़ के औद्योगिक विकास के लिए अपने सुझाव उद्योग मंत्री एवम उद्योग सचिव को शीघ्र ही दिए जायेगे, उपरोक्त जानकारी प्रकोष्ठ के प्रचार प्रसार सचिव संतोष बैद ने देते हुए बताया की भाजपा जिला कार्यालय एकात्म परिसर में प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों एवम कार्यकारिणी सदस्यों कि आहूत बैठक प्रदेश संयोजक श्री लाभचंद जी बाफना की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे सर्वप्रथम सहसंयोजक श्री मुकेश शर्मा, बजरंग खंडेलवाल , एवम सुभाष अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव में भाजपा की 11 में से 10 सांसद भाजपा के विजय श्री प्राप्त करने में व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा 82 विधानसभा में व्यापारी सम्मेलन के आयोजन जो की श्री लाभचंद जी बाफना के नेतृत्व में सफलता पूर्वक आयोजित किए गए थे की भी प्रमुख भूमिका थी चुनाव में भाजपा के विजय श्री के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ,प्रदेश अध्यक्ष श्री किरणदेव जी को बधाई का प्रस्ताव पारित किया गया, बैठक में भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि प्रदेश एवम जिला स्तर पर व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा व्यापारी वर्ग की समस्याओं के त्वरित निदान के लिए संबंधित अधिकारी तथा मंत्रियों से मिलकर उन्हें लिखित सुझाव दिए जायेगे बैठक को प्रदेश संयोजक श्री लाभचंद जी बाफना ने संबोधित करते हुए कहा कि इस लोकसभा में हमारे सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत के लिए अथक प्रयास किया जिसने सबसे प्रमुख कार्य 90 में से 82 विधानसभा में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन था जिसमें हजारों की संख्या में व्यपारी वर्ग ने उपस्थिति दर्ज कराई वही अब छत्तीसगढ़ डबल इंजन की सरकार है छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार है अत: निश्चित रूप से हमारी बात सुनी जाएगी शीघ्र ही माननीय श्री विष्णुदेव साय जी मुख्यमंत्री जी, एवम वितमंत्री श्री ओपी चौधरी जी से मिलकर व्यापार जगत के हित में हम कार्य करेंगे, बैठक को श्री बजरंग खंडेलवाल ने संबोधित करते हुए नए रायपुर में होलसेल कोरिडोर में निर्माण एवम आबंटन में व्यापार प्रकोष्ठ कि सहभागिता निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया वही प्रचार सचिव संतोष बैद ने अपने उद्बोधन में नई उद्योग नीति पर उद्योग सचिव को सुझाव देने प्रस्ताव दिया, श्री मुकेश शर्मा ने भी बैठक को संबोधित करते हुए व्यापार प्रकोष्ठ की गतिविधियों को प्रचारित करने एवम उसे प्रदेश पदाधिकारियों के जानकारी में लाने पर जोर दिया श्री सुभाष अग्रवाल जी ने जिला स्तर पर व्यापारियो के हित में जिला इकाई को सक्रिय करने सुझाव दिया बैठक का संचालन प्रकोष्ठ के कार्यालय प्रभारी श्री नीतीश दुबे जी ने करते हुए बैठक में अल्प समय में सभी की उपस्थिति के लिए आभार प्रगट किया बैठक में प्रमुका रूप से सह कार्यालय प्रभारी दिलीप गंगवानी,तथा भिलाई से भागचंद जैन, दुर्ग से विष्णु अग्रवाल, कोरबा से हितानंद अग्रवाल राजनांदगांव से मन्नूलाल ठाकुर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# खाद्य मंत्री एवं राजस्व मंत्री ने संयुक्त जिला कार्यालय में हुई आगजनी की घटना का किया निरीक्षण

## रेनोवेशन कार्य तेजी से पूरा कराने तथा पीड़ितों को राहत दिलाने के निर्देश

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री दयालदास बघेल एवं राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा सोमवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने गत दिवस असामाजिक तत्वों के द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय में की गई तोड़फोड़ और आगजनी की घटना में हुई क्षति का जायजा लिया। इस दौरान भाटापारा विधानसभा के पूर्व विधायक श्री शिवरतन शर्मा,



बिलाईगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक डॉ. सनम जाँगड़े, कलेक्टर श्री दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक श्री विजय अग्रवाल भी उपस्थित थे।

मंत्री द्वय ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ पूरे भवन के बाहरी क्षेत्र का घूम –घूम कर मुआयना किया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होने क्षतिग्रस्त हिस्से में चल रहे रेनोवेशन कार्य का जायजा लेते हुए तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होने घटना के दौरान क्षतिग्रस्त हुए वाहनो के दास्तावेज संधारण हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिए जा रहे आवेदनों का भी अवलोकन किया तथा पीड़ितों को बीमा की राशि दिलाने के लिए आवश्यक पहल तेजी से करने कहा इसके साथ ही घटना के पीड़ितों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों को जरुरी निर्देश दिए।

# आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने में न हो कोई दिक्कत - कलेक्टर

## कलेक्टर ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा



ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**बलौदाबाज़ार।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्डधारी मरीजों को ईलाज में किसी प्रकार की समस्या न हो इस बात को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है तथा गरीब परिवार के सदस्यों को मुफ्त ईलाज की सुविधा प्रदान करती है। उन्होने कहा कि शासकीय अस्पतालों के साथ ही जिले में अनुबंधित कुल 13 निजी अस्पतालों में भी आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने में समस्या न हो। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में कोई बाधा ना आये। किसी क्षेत्र विशेष में कोई समस्या हो तो उसे दूर करने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि एसडीएम के द्वारा ली जाने वाली बैठको में विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों को शामिल होकर स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित कोई समस्या ही तो जरूर बतायें। उन्होने विगत दिवस जिला मुख्यालय

### अस्पतालों में जिला कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश

में हुई अप्रिय घटना में पीड़ितों नका निशुल्क ईलाज कि व्यवस्था तथा दस्तावेजों का संधारण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले की वर्तमान परिस्थिति के मद्देनजर सभी अस्पतालों में जिला कंट्रोल रूम का मोबाइल नंबर 9479190629 तथा एम्बुलेंस कॉल नंबर को प्रदर्शित करने के निर्देश दिए. इसके साथ ही अस्पताओं से निकलने वाले जैव अपशिष्ट पदार्थों के उचित निपटान के लिए उपयुक्त व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बरसात के मौसम में मौसमी बिमारियों के रोकथाम के लिए शहरी एवं मैदानी क्षेत्रों में बेहतर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में सीएमएचओ डॉ एम.पी. महिश्वर, सिविल सर्जन डॉ अवस्थी सहित विकासखंड चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रेन की बोगी में अनाप शनाप दर पर बिक रहा है रेल नीर

ब्यूरोचीफ संतोष साहू

**भाटापारा।** इन दिनो मौसम का मिजाज अभी भी गर्म बना हुआ है जिसके कारण रेल मार्ग पर विभिन्न ट्रेनो मे यात्रा करने वाले यात्रियों को झुलसती गर्मी के बीच ट्रेन के भीतर पानी खरीदने के लिये मुंहमांगी कीमत चुकानी पड़ रहीं है। ट्रेनो मे बिक रहे पानी यात्रियों को कितना सहीं मिल रहा है और कितना अच्छा है व कौन से ब्रांड का है और उसकी निर्धारित कीमत क्या है तथा कितने रूपये तक बेचा जा सकता है इन नियमो का पालन ट्रेन मे नहीं हो रहा है व ट्रेन के भीतर अनाप शनाप रेट मे पानी बेचकर यात्रियों को वेंडर द्वारा लूटा जा रहा है। 13287 दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस मे सफर कर रहे एक रेल यात्री ने बताया कि




उसे सफर के दौरान नीरो लेबल लगा हुआ पानी का बॉटल 20 रूपये मे उपलब्ध कराया गया जबकि रेल नीर की कीमत तो मात्र 15 रूपये है वहीं यात्रियों को बेची जा रहीं पानी बॉटल के ड्रम को उक्त ट्रेन मे शौचालय के नजदीक बने बोगी के कपलिंग मे रखा गया था जिससे आने जाने वाले रेल यात्रियों को भी दिक्कत हो रहीं थी इस बात की शिकायत यात्रियों ने जब ट्रेन मे चढ रहे टिकट निरीक्षक से की तब उन्होने कुछ भी करने से मना कर दिया इधर मनमाने रेट पर पानी बेच रहे वेंडर ने बताया कि कोई अमन यादव और विकास नाम के व्यक्ति का ठेका रेल्वे मे पानी बेचने का है इसे हीं वह निर्धारित कीमत से ज्यादा रेट पर बेच रहा है इस प्रकार रेल प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था व ध्यान नहीं दिये जाने के कारण रेल्वे बोगी मे अनाप शनाप दर पर यात्रियों को पानी की बिक्री की जा रहीं है वहीं पेयजल जैसे संवेदनशील पदार्थ को शौचालय के करीब रखकर यात्रियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिस पर कार्यवाही जरूरी है।

# महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिये व्रत रख वट सावित्री की पूजा की

ब्यूरोचीफ संतोष साहू



**भाटापारा।** शहर व ग्रामीण क्षेत्र मे महिलाओं ने वट सावित्री पूजा कर अपनी पति की निरोग जीवन व लंबी उम्र की कामना की इस दौरान अनेक स्थानो पर सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष बरगद पर गंगाजल मिश्रित जल अर्पण कर संपूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना कर वट वृक्ष मे कलावा बांधते हुये परिक्रमा की पूजा करने पहुंची अधिकांश महिलाओं ने वट वृक्ष मे अत्याधिक भीड़ के कारण कलावा लपेटते हुये 11 मर्तबा प्रत्येक फेरे के पश्चात भीगा हुआ चना व चना दाल एक पात्र मे रखते हुये पूजन किया तत्पश्चात उसे प्रसाद के रूप मे वितरित किया। वट सावित्री पूजन के अवसर पर आम, फल, केला, सेव नारियल छतरी हाथ से निर्मित पंखे व मिटटी निर्मित मटको की जमकर बिक्री हुई वहीं अमावस्या पर्व पर नगर व क्षेत्र के शनि देव मंदिरो मे भी बडी संख्या मे श्रद्धालु भक्तों ने शनि मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की बडी तादाद मे श्रद्धालु नवग्रह शनि मंदिर वृंदावन कालोनी के अलावा शनि मंदिर नक्खी बाबा तालाब के पास तथा टोहडी घाट स्थित शनि मंदिर एवं पेन्ड्री रोड स्थित शनि मंदिर पहुंचकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर आराधना करते हुये अपने कष्ट निवारण के लिये विभिन्न उपाय किये।

# चाय की चुस्की के संग कलेक्टर-एसपी ने व्यापारियों के साथ की चर्चा,शहर भ्रमण कर लिया जायजा

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज बलौदाबाजार नगर का भ्रमण कर मौजूदा हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गार्डन चौक,दशहरा मैदान अंबेडकर चौक सहित नवीन मंडी परिसर का अवलोकन कर वहा उपस्थित व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की। दौरान व्यापारियों ने कलेक्टर एसपी को अपने बीच पाकर देखते ही चाय के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी विजय अग्रवाल ने सहज आमंत्रण स्वीकार करते हुए अमृततुल्य में ही व्यापारियों के साथ बैठकर,चर्चा करते हुए



चाय की चुस्की ली। इस दौरान व्यापारियों एवं शहर वासियों से शहर की हालत एवं मार्केट के संबंध में जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने बताया की शहर में अब किसी भी तरह की कोई दिक्कत नही है। दुकानें भी अच्छी चल रही है। आम लोग भी आसानी से दुकानें पहुंच रहे है। कलेक्टर श्री सोनी ने कहा की यदि आस पास कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति एवं समाज को तोड़ने वाली संदिग्ध गतिविधियां करने की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवे। उन्होंने सभी दुकान वासियों से कंट्रोल रूम का फोन नंबर 9479190629 को नोट करते हुए दूकानों के सामने डिस्प्ले करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने व्यापारियों का कहा किसी भी व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नही है। पुलिस पुरी मुस्तैदी के साथ चाकचौबंध सुरक्षा में लगी हुई हैं। जो भी व्यक्ति कुछ अफवाह उड़ाते है तो उसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवें। साथ ही उन्होंने दुकानों के आगे पीछे एवं अंदर में अच्छी गुणवत्ता की सीसीटीवी लगाने का आग्रह किया है। इस मौके पर बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल,सीएमओ उपस्थित रहे।

बड़ी कार्रवाई

## शराब पीकर आने वाला शिक्षक निलंबित, कलेक्टर ने की थी अनुशंसा

**बलौदाबाजार।** कल विभिन्न मीडिया एवं समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी अनुसार वि.खं. बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम गिंदोला के शा.उ.मा.वि.में प्रभारी प्राचार्य के रूप पदस्थ परमेश्वर सिंह सेन (मूल पद व्याख्याता) को कलेक्टर दीपक सोनी की अनुशंसा पर तत्काल प्रभाव से निलबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि के दौरान इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा निर्धारित किया गया है। साथ ही निलंबन अवधि में संबंधित को नियमानुसार केवल जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। जिला शिक्षा अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के पत्र क्रमांक/शिकायत/जांच/निल. प्रस्ताव/4039, दिनांक 18 जून 2024 के द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार परमेश्वर सिंह सेन, प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता), शा.उ.मा.वि., गिंदोला, वि.खं. बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा के विरूद्ध 18.जून 2024 को विद्यालय में शराब पीकर पड़े होने संबंधी वीडियो सहित प्राप्त शिकायत की विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.खं. बलौदाबाजार द्वारा विद्यालय पहुंच कर जांच की गई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बलौदाबाजार के विद्यालय पहुंचने से पूर्व श्री सेन बिना किसी को सूचित किये अपनी बाईक एवं मोबाईल विद्यालय में छोड़कर ही चले गये। विद्यालय में उपस्थित ग्राम पंचायत गिंदोला के सरपंच,ग्रामवासियों सकुल शैक्षिक समन्वयक, विद्यालय में पदस्थ शिक्षको, लिपिकों एवं सफाई कर्मचारी ने अपने लिखित बयान में परमेश्वर सिंह के द्वारा विद्यालय में अधिकांशत: शराब पीकर आने एवं अध्यापन कार्य नहीं करने का उल्लेख किया गया है। जिस आधार पर श्री सेन निलंबित करने की अनुशंसा की गई थी। गौरतलब है की उक्त कार्रवाई छ.ग.सिविल सेवा (आचरण) नियम,1965 के नियम-3 के विपरीत है । अपील) नियम 1966 के नियम 9 के उपनियम (1) के तहत की गई है।

पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## हिंसा के बाद से फरार भीम क्रांतिवीर के संस्थापक किशोर नवरंगे गिरफ्तार



**बलौदाबाजार** - बलौदाबाजार में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने भीम क्रांतिवीर के संस्थापक किशोर नवरंगे को गिरफ़्तार किया है। किशोर नवरंगे हिंसा और आगजनी की घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। बताया जा रहा है कि, किशोर नवरंगे के आह्वान पर ही प्रदेश भर के लोग बलौदबाज़ार पहुंचे थे और इसके बाद ही हिंसा हुई थी। पुलिस किशोर नवरंगे से पूछताछ कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि, किशोर नवरंगे से पूछताछ में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। बता दें कि, बलौदाबाजार में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 132 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिनमे अलग अलग संगठन के 20 प्रमुख भी शामिल हैं। गिरफ्तार हुए आरोपियों में भीम रेजिमेंट के संभाग अध्यक्ष जीवराखन बांधे और प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश सोनवानी भी शामिल हैं। बलौदा बाजार पुलिस ने कुल 7 टीमें बनायी है जो प्रदेश भर से आरोपियों कि पतासाजी में जुटी हुई हैं।

भाटापारा तहसील कार्यालय में चक्कर लगाकर लोग परेशान

## बिना लेन देन कोई काम नहीं लोगों में जमकर आक्रोश

ब्यूरोचीफ संतोष साहू




**भाटापारा तहसील कार्यालय अब भ्रष्टाचार का अडडा बन गया**

भाटापारा। तहसील कार्यालय मे आम नागरिक चक्कर लगा लगाकर परेशान है तहसीलदार ज्यादातर समय कार्यालय मे उपस्थित नहीं रहते उपस्थित कर्मचारीगण सेवा शुल्क की मांग करते है किसान व भू-धारक अपने कामो के लिये महीनो चक्कर लगाते है। तहसील कार्यालय की हालत यह है कि आवेदको को समुचित जवाब भी प्राप्त नहीं होता है जिसको लेकर लोगों मे जमकर आक्रोश पनप रहा है किसी भी वक्त तहसील कार्यालय के खिलाफ यह आक्रोश फूट सकता है।

भाटापारा तहसील कार्यालय अब भ्रष्टाचार का अडडा बन गया है किसान व भू-धारक सहित जितने भी आवेदक महिनो चक्कर अपने कामो को लेकर लगाते है कार्यालय मे बिना लेन देन कोई कार्य नहीं हो रहा है अधिकारियों के लिये जब तक सेवा शुल्क प्रदान न करें तब तक आपको महिनो चक्कर कार्यालय मे लगवाते रहेगें। पदस्थ तहसीलदार व नायब तहसीलदार ज्यादातर समय कार्यालय मे उपस्थित हीं नहीं रहते है लोग जानकारी लेने चक्कर लगाते रहते है। इस अव्यवस्था को लेकर कुछ दिनो पूर्व पत्रकार संघ ने भी वर्तमान एसडीएम को अवगत कराया था साथ हीं एक ज्ञापन भी सौंपा था एवं कई नागरिकों ने इस संबंध मे वरिष्ठ कार्यालय मे आवेदन देकर समस्या निदान की मांग की थी उन्होने बताया था कि पक्षकारो को तहसील कार्यालय मे परेशानी से जूझना पड़ रहा है जहां पर आने वाले तमाम राजस्व प्रकरणों मे पक्षकारो को एक लंबे समय से भटकना पड रहा है। आये दिन अधिकारियों के व्यस्त रहने की बात बताकर पक्षकारो को घुमाया जा रहा है जिससे लोगों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। वहीं जमीन की खरीदी बिक्री के बाद पटवारियों के माध्यम से भू-स्वामियों को डेढ से दो महीने की लंबी अवधि बीत जाने के बाद भी नामांतरण के बाद नये पर्ची भी नहीं मिल पा रहे है इस बीच अनेक भुक्त भोगियों ने शिकायत करते हुये बताया है कि जानबूझकर नामांतरण के प्रकरणों मे टाल मटोल कर लोगों को परेशान किया जा रहा है पक्षकार कभी पटवारी तो कभी तहसील कार्यालय का चक्कर काटते काटते थक हार गये है वहीं प्रापर्टी दलाल एवं तहसील कार्यालय मे सक्रिय दलालो के कार्य भेंट चढावे के बाद एक दो दिन मे हीं हो जा रहे है। इन दिनों शहर व क्षेत्र के तमाम कृषक व नागरिक तहसील कार्यालय की कार्यशैली से त्रस्त हो गये है जो अपने प्लाट, मकान, कृषि भूमि के क्रय विक्रय के बाद उसके नामांतरण को लेकर भाटापारा तहसील कार्यालय मे व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर पूरी तरह हलाकान है। तहसील मे पग पग पर भ्रष्टाचार का नीचे से उपर तक बोलबाला है बिना भेंट चढावा के कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। अविलंब तहसील कार्यालय के कार्यशैली को सुधारा नहीं गया तो लोगों की नाराजगी वृहद स्तर पर राजस्व प्रशासन के खिलाफ जमकर फूटेगा। इस संदर्भ मे एसडीएम नितीन तिवारी ने बताया कि अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उस पर कार्यवाही की जायेगी।

# एम एम आई अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से पत्रकार घायल

## प्रबंधन के खिलाफ टिकरापारा थाना में रिपोर्ट

**पुलिस कार्यवाही अपेक्षित**





**रायपुर।** विगत 1 जून को **"क्रांतिरथ छत्तीसगढ़"** के संपादक एक रिश्तेदार को देखने के लिए MMI अस्पताल रात्रि लगभग 8-30 बजे गए थे,

जब वे अपनी कार पार्किंग में लगाकर अस्पताल की ओर मंदिर एवं धर्मशाला के बीच के रास्ते से जाने लगे तो उक्त सार्वजनिक मार्ग में अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक लोहे का पाइप जमीन से लगभग 8-10 इंच ऊपर करके मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया था, वहां प्रकाश की व्यवस्था नहीं थी या लाइट नहीं जलाई गई थी, इस कारण घोर अंधेरा व्याप्त था। उक्त घोर अंधकार के कारण पत्रकार जी को पाइप नहीं दिखा एवं वे उससे टकराकर गिर गए और उन्हें गंभीर चोट आ गई।

उनके चोटिल होने पर दो अज्ञात युवक उन्हें एमएमआई अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में ले गए जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ।






**लापरवाही की हद पार**

इमरजेंसी वार्ड के डॉक्टरों द्वारा सही RESPONS नहीं मिलने पर

वहां से उन्होंने डिस्चार्ज ले लिया। अस्पताल प्रबंधन को जानकारी देने के बाद भी इस समाचार के लिखे जाने तक प्रबंधन ने उक्त पाइप को नहीं हटाया है। अनुमान है कि,उक्त स्थल पर हमेशा इस प्रकार की दुर्घटना होती होगी तथा बेकसूर व्यक्ति चोटिल भी होते होंगे।

पत्रकार नारायण भूषणिया ने एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक के नाते उक्त अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी की कार्रवाई कराने हेतु टिकरापारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# आर्थिक सशक्ति से परिवार में बढ़ा सम्मान, लक्ष्मी की बदल रही तकदीर

## *जून माह में चतुर्थ क़िस्त के रूप में 50 करोड़ 93 लाख 36 हज़ार 9 सौ रुपए महिलाओं के बैंक खाते में ज़ारी किए गए हैं*

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना महतारी वंदन योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना का मूल उद्देश्य अब कारगर होता दिखाई दे रहा है। आर्थिक मजबूती से परिवार सम्पन्न हो रहा है और महिलाओं के जो सपने थे, वे अब साकार होने लगे हैं।

रायपुर की श्रीमती लक्ष्मी फुटान ने सपना संजोया था, लेकिन आर्थिक तंगहाली की वजह से सपने अब तक पूरा नहीं कर पाई थी, महतारी वंदन योजना से उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आया है।



श्रीमती लक्ष्मी घर का कामकाज संभालती है। उनके पति श्री गोपाल फुटान रोजी-मजदूरी करते है। श्रीमती लक्ष्मी बताती हैं कि पति की कमाई घरेलु खर्च पर ही इस्तेमाल हो जाता है। छोटी-मोटी जरूरतों की चीज भी खरीदने में काफी परेशानियां होती है, लेकिन अब जरूरतें भी पूरी होने लगी हैं। योजना की राशि का इस्तेमाल घर के खर्च में भी होता है और बचत भी कर रही है। क्योंकि भविष्य भी सुरक्षित हो सकेगा। यह दौर भी ऐसा आया है कि हाथ में पैसे होने से परिवार में भरपूर सम्मान मिल रहा है। वे बताती है कि सोने-चांदी के जेवर पहनने का मन काफी समय से है, लेकिन माली हालत उतनी अच्छी नहीं थी, जिससे वे जेवर खरीद सके। अब सपने पूरा करने के लिए वे प्रतिमाह बैंक अकाउंट में योजना से मिलने वाली राशि को इकट्ठे कर रही है। जिससे वे जेवर की खरीदी कर सके। श्रीमती लक्ष्मी यह भी कहती है कि बहुत खुशी होती है कि घर में बैठकर इतनी राशि मिल रही है। उनके दो बच्चे टीकम और धनेंद्र के भविष्य की चिंता भी थी, हमेशा यही लगता था कि मैं भी थोड़ा आर्थिक रूप से मजबूत होने के लिए कुछ काम करूं, पर राज्य सरकार की महतारी वंदन योजना का मिलने से सही समय पर राशि प्रतिमाह मिल जाता है। उस पैसे की बचत कर बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित कर रही हूं। साथ ही अब घर की छोटी-मोटी चीजों को खरीदने के लिए पति पर आश्रित रहने की जरूरत नहीं पड़ती है। कुछ घरेलु खर्च होता है तो खुद पूरा कर लेती है। अब ज्यादा निर्भरता नहीं रहती है। श्रीमती लक्ष्मी कहती है कि मुख्यमंत्री

**साय सरकार का महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला**



श्री विष्णुदेव साय ने महिलाओं के हित में एक बड़ा फैसला लिया है। मेरे जैसे लाखों महिलाओं को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिल रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद करते है। वे यह भी बताती है कि खान-पान भी बेहतर होता जा रहा है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी : नारायण भूषणिया द्वारा मिशन मिडिया प्रा.लि. रजबंधा मैदान रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कराकर एच.डी.डी./49, फेस-2 मेन रोड, कबीर नगर रायपुर से प्रकाशित,
संपादक-नारायण भूषणिया मो.नं. 09300491602, RNI पंजीयन क्रमांक: CHHHIN/2010/34778, Email ID- krantirath.cg@gmail.com, / www.krantirath.in